RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 87 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, बुधवार, 23 सितंबर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

### कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार से मांगा जवाब

# वंदे मातरम ना गाना अपराध नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जो व्यक्ति अंतरात्मा के आधार पर एक या सभी अंतरे नहीं गाता है तो उसके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए

● नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वंदे मातरम मामले की सुनवाई की। अदालत ने कहा कि जो व्यक्ति अंतरात्मा के आधार पर इसकी एक या सभी अंतरे नहीं गाता है तो उसके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने केंद्र सरकार से इस मामले में जवाब भी मांगा है।

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने कर्नाटक संगीत के गायक टी. एम. कृष्णा की याचिका पर केंद्र को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा। कृष्णा ने वंदे मातरम की छह अंतरों को गाने को अनिवार्य बनाने वाले 2026 के कानूनी संशोधन और केंद्र सरकार के निर्देशों को चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने 1986 के बिजो इमैनुएल बनाम केरल राज्य के फैसले का जिक्र किया। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने



उन स्कूली बच्चों को संरक्षण दिया था जो धार्मिक मान्यताओं के कारण राष्ट्रगान नहीं गाते थे। लेकिन उसके सम्मान में खड़े रहते थे। जस्टिस बागची ने कहा कि उस फैसले में तय किया गया कानूनी सिद्धांत अभी भी लागू है। उनके अनुसार, अगर कोई व्यक्ति अंतरात्मा के आधार पर वंदे मातरम की एक या सभी पंक्तियां नहीं गाता तो केवल इस आधार पर उसके खिलाफ आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया जाना चाहिए। कृष्णा की याचिका में राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 की धारा 3 में 2026 में किए गए संशोधन को चुनौती दी गई है। संशोधित प्रावधान के तहत राष्ट्रगान या राष्ट्रीय गीत के गायन को जानबूझकर रोकना अथवा ऐसे कार्यक्रम में रुकावट डालना जहां इनका गायन हो रहा हो, अपराध है। इसके लिए तीन साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान किया गया है। याचिका में गृह मंत्रालय की ओर से जारी उन निर्देशों पर भी सवाल उठाया गया है जिनमें सरकारी, औपचारिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वंदे मातरम के सभी छह अंतरों के गायन की बात कही गई है। कृष्णा का तर्क है कि यह व्यवस्था केवल कार्यक्रम के प्रोटोकॉल तक सीमित नहीं है। बल्कि नागरिकों पर गीत के अंतिम चार अंतरे गाने का दबाव डालती है। याचिका के मुताबिक, इन अंतरों में दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती जैसे हिंदू देवी-देवताओं का जिक्र है।

### कानून की भाषा पर उठे सवाल

कृष्णा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एस. मुरलीधर ने सुनवाई के दौरान कानून की भाषा पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि संबंधित कानून में राष्ट्रीय गीत की परिभाषा स्पष्ट नहीं है और ऐसे में दंडात्मक प्रावधान के गलत इस्तेमाल की गुंजाइश बन सकती है। मुरलीधर ने यह भी दलील दी कि केवल एक ऑफिस मेमोरेंडम के जरिए किसी गीत की व्याख्या तय करके उसके उल्लंघन पर आपराधिक दंड नहीं लगाया जा सकता। उन्होंने कहा कि दंडात्मक कानून अस्पष्ट नहीं होना चाहिए। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 51ए में राष्ट्रीय गीत का उल्लेख नहीं है और परंपरा व प्रचलन के आधार पर अब तक वंदे मातरम को दो अंतरों के साथ राष्ट्रीय गीत के रूप में समझा जाता रहा है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने औपचारिक नोटिस जारी करने से पहले सरकार को याचिका की प्रति देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मामले में नोटिस जारी करने से अनावश्यक सनसनी पैदा हो सकती है। सुनवाई के दौरान मुरलीधर और मेहता के बीच तीखी बहस भी हुई। मेहता ने याचिकाकर्ता की दलीलों पर टिप्पणी करते हुए नक्सली शब्द का इस्तेमाल किया। मुरलीधर ने एक कानून अधिकारी द्वारा इस तरह की भाषा के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई। मेहता ने अपनी टिप्पणी वापस लेने से इनकार किया।

# 2037 तक 1900 मेगावाट बिजली की कमी अभी से 2800 मेगावाट खरीदी का निर्णय

**कैबिनेट का फैसला:** खेल की सुविधा विहीन 140 विधानसभा क्षेत्रों में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए 962 करोड़ की मंजूरी

### प्रदेश में अभी कुल करीब 22,730 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है



● भोपाल

पॉवर मैनेजमेंट कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में मध्य प्रदेश में अतिरिक्त (सरप्लस) बिजली उपलब्ध है, लेकिन रिपोर्ट में शहरों के तेजी से होते विस्तार, सेमीकंडक्टर और टेलीकॉम जैसे आधुनिक उद्योगों की स्थापना के कारण वर्ष 2037 तक राज्य में करीब 1,900 मेगावाट बिजली की कमी का आंकलन किया गया है। सरकार ने वर्ष 2037 तक बिजली की जरूरत को देखते हुए अभी से अतिरिक्त बिजली की व्यवस्था करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत प्रदेश में करीब 2800 मेगावाट थर्मल बिजली (तापीय ऊर्जा) खरीदने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

### हर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ग्राउंड में बनेगा हेलीपेड

कैबिनेट ने 140 विधानसभा क्षेत्रों में खेल परिसर निर्माण और संचालन के लिए मुख्यमंत्री स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स योजना के अंतर्गत 962 करोड़ 50 लाख रुपए की मंजूरी दी है। इन खेल परिसरों का नामकरण मुख्यमंत्री स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स किए जाने के साथ ही मुख्य मैदान के बीच में स्थायी हेलीपेड बनाने का भी निर्णय लिया गया, ताकि आपात स्थिति में एयर एंबुलेंस से मरीजों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जा सके। जहां 10 एकड़ से ज्यादा जमीन उपलब्ध होगी, वहां करीब 7 करोड़ रुपए की लागत से स्टेडियम और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। इसमें इनडोर और आउटडोर खेलों की सुविधा के साथ खिलाड़ियों की ट्रेनिंग के लिए कोच भी रहेंगे। यहां 10 से 12 खेलों के लिए मैदान और सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इनके संचालन और रखरखाव का खर्च भी सरकार वहन करेगी। मंत्री काश्यप ने बताया कि प्रदेश के 140 विधानसभा क्षेत्रों में खेल सुविधाओं का अभाव है, जबकि 90 विधानसभा क्षेत्रों में अच्छी खेल सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# क्रिकेट में मिला सोना

**एशियन गेम्स:** भारतीय बेटियों ने श्रीलंका को रौंदा



**नई दिल्ली, आरएनएन।** भारत का स्वर्ण पदक का खाता खुल गया है। भारत की बेटियों ने क्रिकेट में स्वर्ण पदक दिलाया। श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में टीम इंडिया ने 147 रन से विशाल जीत दर्ज की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट पर 216 रन बनाए। 217 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। पूरी टीम 15.4 ओवर में 69 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत ने मुकाबला 147 रन से जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# सुप्रीम कोर्ट ने दी भोपाल के मास्टर प्लान को हरी झंडी

### सीलिंग कार्रवाई में लापरवाही पर नाराजगी जताई

### जल्द जारी होगा ड्राफ्ट

● भोपाल

सरकार अब पिछले 21 सालों से रूके शहर के मास्टर प्लान का ड्राफ्ट कभी भी जारी कर सकती है। मंगलवार को सीलिंग मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इसे हरी झंडी दे दी।

सरकार मास्टर प्लान जारी कर सकती है पर इस पूरे मामले को लेकर अब कोई नई कमेटी नहीं बना सकती। वहीं, शीर्ष अदालत ने सीलिंग को लेकर की गई दिखावे की कार्रवाई पर नाराजगी जताई। मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अमानुल्ला और महादेवन ने की। मंगलवार को सुबह सुनवाई से पहले रहवासी समितियों ने सुप्रीम कोर्ट से शिकायत की थी सुबह सीलिंग की कार्रवाई हुई और शाम को दुकाने खुली नजर आई। जब सुनवाई शुरू हुई तो सुप्रीम कोर्ट ने इस दिखावे की कार्रवाई को लेकर कड़ी नाराजगी जताई और आदेश के सख्ती से पालन के निर्देश दिए हैं। एमिकस क्युरी एके सिन्हा ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सुबह सुनवाई से पहले भोपाल के लगभग 10 रहवासियों की शिकायतें आई।

## एससी/एसटी एक्ट को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली, आरएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एससी/एसटी एक्ट में 2018 के संशोधन को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने कहा कि संशोधन को सुप्रीम कोर्ट 2020 में ही बरकरार रख चुका है। इसलिए उस फैसले पर दोबारा विचार करने की जरूरत नहीं है। एससी/एसटी एक्ट में 2018 के संशोधन के तहत अग्रिम जमानत पर लगी रोक बहाल की गई थी।

# टेलीकॉम कंपनियों को लॉन्च करना होगा बिना डेटा सस्ता मंथली प्लान

### ट्राई का बड़ा फैसला, कंज्यूमर प्रोटेक्शन नियम में 13वीं बार किया संशोधन

● नई दिल्ली

ट्राई ने टेलीकॉम कंज्यूमर प्रोटेक्शन नियम में 13वां संशोधन करते हुए बड़ा फैसला किया है। अब टेलीकॉम ऑपरेटर्स एयरटेल, जियो, वोडाफोन और बीएसएनएल को यूजर्स के लिए बिना डेटा वाला सस्ता मंथली प्लान लॉन्च करना होगा। पहले भी ट्राई के आदेश पर टेलीकॉम ऑपरेटर्स ने वॉइस और एसएमएस ओनली प्लान पेश किए हैं, जो 84 दिन और 365 दिनों की वैलिडिटी के साथ आते हैं।

ट्राई ने टीसीपीआर 2026 के 13वें संसोधन को मंजूरी दे दी है, जिसमें टेलीकॉम ऑपरेटर्स को बिना डेटा वाले वॉइस और एसएमएस ओनली वाले स्पेशल टैरिफ वाउचर (एसटीवी) लाने का निर्देश दिया गया है। इस नए नियम का ड्राफ्ट दूरसंचार नियामक ने 7 अप्रैल 2026 को अपनी वेबसाइट पर पब्लिश की थी। इस प्लान को खास तौर पर उन यूजर्स के लिए लाया जाएगा, जिनकी आय बहुत कम है। टेलीकॉम सर्विस लोगों के लिए एक जरूरी माध्यम बन गया है, जिसकी वजह से दूरसंचार नियामक ने टेलीकॉम ऑपरेटर्स को सस्ते मंथली प्लान लाने का आदेश दिया है। हर टेलीकॉम ऑपरेटर्स को 30 दिन या इससे कम वैलिडिटी के स्पेशल टैरिफ वाउचर लॉन्च करने होंगे।

## अस्पताल में लगी भीषण आग, तीन मासूमों की मौत

**हैदराबाद, आरएनएन।** तेलंगाना के आदिलाबाद में देर रात राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) के स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट में आग लगने से तीन नवजात शिशुओं की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि वार्ड से 28 बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग रात करीब 11:50 बजे लगी। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि आग एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी हो सकती है, जिससे वार्ड में आग की लपटें और घना धुआं फैल गया। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि आग लगने की सही वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद एक फायर इंजन को अस्पताल भेजा गया और आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स 2026 — आर्टिकल 370 बेस्ट फिल्म, यामी गौतम को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला

# अनंत नाग को दादा साहब फाल्के, कार्तिक-ममूटी बेस्ट एक्टर

● अहमदाबाद

72वां नेशनल अवॉर्ड में एक्टर कार्तिक आर्यन और ममूटी को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। वहीं, बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड यामी गौतम ने अपने नाम किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इंडियन सिनेमा में योगदान के लिए एक्टर्स और फिल्ममेकर्स को इस अवॉर्ड से सम्मानित किया। मालूम हो कि 72वां नेशनल अवॉर्ड का आयोजन गुजरात के केवडिया में किया गया।

नेशनल फिल्म अवॉर्ड के इतिहास में ये पहली बार हुआ है कि अवॉर्ड फंक्शन दिल्ली की जगह गुजरात में आयोजित हुआ। वहीं दिग्गज एक्टर ममूटी को फिल्म ब्रमायुगम के लिए अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। ये फिल्म 2024 में आई थी। ये मलयालम इंडस्ट्री की सुपरहिट डार्क फैंटेसी लोक हॉरर फिल्म है।इस फिल्म को राहुल सदाशिवन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में ममूटी के अलावा अर्जुन अशोकन और सिद्धार्थ भरथन अहम रोल में हैं।



### अनंत नाग ने 300 से ज्यादा फिल्में की

दिग्गज एक्टर अनंत नाग को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। अनंत नाग को स्टैंडिंग ओवेशन दिया गया। अनंत नाग को कन्नड़ सिनेमा में अपने योगदान के लिए जाना जाता है। उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्में की हैं। कन्नड़ सिनेमा के अलावा उन्होंने हिंदी, तमिल, तेलुगू, मराठी, मलयालम और इंग्लिश फिल्मों में भी काम किया है। सभी भाषाओं की फिल्मों में उनका अहम योगदान रहा। उनका करियर 5 दशक से ज्यादा का रहा। उन्हें 5 बार कर्नाटक राज्य का बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। 5 फिल्म फेयर अवॉर्ड मिले। कर्नाटक स्टेट लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड भी मिला। साल 2025 में इन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपनी एक्टिंग और टैलेंट से सभी को मोहित किया। उन्होंने श्याम बेनेगल के साथ भी कई फिल्मों में काम किया। अंकुर, मंथन, भूमिका जैसी फिल्मों में दिखे। अनंत नाग की बात करें तो बचपन में ही वो मुंबई आ गए। उनके पिता चाहते थे कि वो इंजीनियर बने, लेकिन अनंत नाग की दिलचस्पी अभिनय में थी।

### इन फिल्मों को मिला अवॉर्ड

| | |
|---|---|
| बेस्ट गढ़वाली फिल्म | ढोली |
| बेस्ट नॉन फीचर फिल्म | भंगार (मराठी,इंग्लिश) |
| बेस्ट मराठी फिल्म | मुक्काम पोस्ट बोंबिलवाडी |
| बेस्ट मलयालम फिल्म | फेमिनिची फातिमा |
| बेस्ट कन्नड़ फिल्म | मिथ्या |
| बेस्ट हिंदी फिल्म | श्रीकांत |
| बेस्ट गुजराती फिल्म | मारण |
| बेस्ट तमिल फिल्म | रायन |
| बेस्ट बंगाली फिल्म | चलचित्र एखोन |
| बेस्ट कोरियोग्राफी | स्त्री 2 |
| बेस्ट लिरिक्स | मैदान |
| बेस्ट म्यूजिक | आमरण |
| बेस्ट म्यूजिक डायरेक्शन | आर्टिकल 370 |
| बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन | पुष्पा 2 |
| बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन | कल्कि 2898 एडी |

# टेम्पर्ड ग्लास पर अब सरकार का नया नियम

### स्मार्टफोन स्क्रीन प्रोटेक्टर्स अनिवार्य BIS फ्रेमवर्क में शामिल

● नई दिल्ली

भारत सरकार देश में बिकने वाले घटिया और घटिया क्वालिटी के स्मार्टफोन स्क्रीन प्रोटेक्टर्स की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाने की तैयारी कर रही है। इससे उन टेम्पर्ड ग्लास की ब्रिकी को रोका जाएगा जो तय क्वालिटी स्टैंडर्ड को पूरा नहीं करते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक बड़ा कदम उठाते हुए स्मार्टफोन स्क्रीन प्रोटेक्टर्स को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) रजिस्ट्रेशन के दायरे में शामिल कर दिया है। सरकार के इस नए आदेश के अनुसार, सभी स्क्रीन प्रोटेक्टर्स को 1 अप्रैल 2027 से कड़े भारतीय मानकों का पालन करना होगा। 21 सितंबर को जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के तहत, केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक सामानों के लिए जरूरी रजिस्ट्रेशन स्कीम सीआरएस की लिस्ट में स्मार्टफोन स्क्रीन प्रोटेक्टर्स को भी जोड़ दिया है।

### आमजन के कार्यक्रमों के लिए अस्थाई डोम की जगह बन रहा अत्याधुनिक भवन

# 45 करोड़ रुपए से सीएम हाउस में बनेगा जनमन सभागार, 5 करोड़ से चिंतन गेस्ट हाउस

### 1700 से अधिक लोगों के बैठने की होगी व्यवस्था, दो मंजिला होगा डायनिंग हाल

भोपाल

मुख्यमंत्री निवास (सीएम हाउस) में अब आम जनता से जुड़े कार्यक्रमों के लिए सालों पूर्व बनाए गए अस्थाई डोम की जगह अत्याधुनिक जनमन सभागार का निर्माण किया जा रहा है। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस सभागार के मुख्य डोम में सत्रह सौ से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। इसके साथ ही दो मंजिल का डायनिंग एरिया भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा सीएम हाउस में दो कमरों समेत अन्य सुविधाओं वाले चिंतन गेस्ट हाउस का भी निर्माण होना है। जनमन सभागार का काम भी शुरू हो गया है। प्रयास इस बात के किए जा रहे हैं कि अगले साल भोपाल में होने वाली इन्वेस्टर्स समिट के पहले इसे पूरी तरह तैयार किया जा सके। मुख्यमंत्री इसे लेकर भवन विकास निगम के अफसरों की बैठक भी ले चुके हैं।



### भवन विकास निगम की देखरेख में हो रहा निर्माण

गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समय सीएम हाउस में आम लोगों के कार्यक्रमों का आयोजन शुरू किया गया था। इसके लिए किराए पर एक डोम का निर्माण किया गया था। इसी डोम में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने कई पंचायतें और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की पहल पर अब सीएम हाउस में कार्यक्रमों के लिए जनमन सभागार और गेस्ट हाउस के निर्माण की परिकल्पना की गई। दोनों भवनों के निर्माण की एजेंसी भवन विकास निगम को बनाया गया है। निर्माण का काम मेसर्स एमएस बिल्डकान को दिया गया है। सभागार, डायनिंग एरिया समेत अन्य कामों पर 45 करोड़ 83 लाख 43 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। फिलहाल यहां रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जा रहा है।

### 2381 स्क्वायर मीटर का होगा डोम

जनमन सभागार में जिस बड़े डोम का निर्माण किया जा रहा है वह 2381.32 स्क्वायर मीटर यानि 25 हजार 632 स्क्वायर फीट का होगा। इसके साथ ही 2579.69 स्क्वायर मीटर यानि 27 हजार 766 स्क्वायर फीट के डायनिंग एरिया का निर्माण किया जाएगा। इस तरह टोटल बिल्ट अप एरिया 4960.92 स्क्वायर मीटर का होगा। पूरा निर्माण कार्य तीन भागों में होगा। एक हिस्से में डोम का निर्माण किया जाएगा तो दूसरे हिस्से में डायनिंग एरिया होगा। इस दो मंजिला डायनिंग एरिया की हर मंजिल पर 1200-1200 लोगों के लिए स्पेस होगा। वहीं जनमन सभागार के डोम में बड़े स्टेज के साथ 1730 चेयर होंगी जिनमें 96 सोफा सेट होंगे। इसके साथ ही यहां रिटेनिंग वॉल, सम्पबेल, लैंड स्केपिंग, जनरेटर एरिया आदि का भी निर्माण किया जा रहा है। यहां ऊर्जा संरक्षण के लिए बायोडायजेस्टर प्लांट भी लगाया जाएगा। यह काम पिछले महीने शुरू हो चुका है। इसे कुल 18 महीनों में कंपलीट करना है। निर्माण के सुपरवीजन और क्वालिटी कन्ट्रोल का जिम्मा टाटा कन्सलटिंग इंजीनियर्स को दिया गया है।



### अगले माह शुरू होगा गेस्ट हाउस का काम

इसके साथ ही सीएम हाउस में बनने वाले चिंतन गेस्ट हाउस का निर्माण अक्टूबर माह में शुरू किया जाएगा। इस पर 4 करोड़ 95 लाख 98 हजार रुपए खर्च होने का अनुमान है। 698.96 स्क्वायर मीटर में बनने वाले चिंतन गेस्ट हाउस में दो सर्वसुविधायुक्त कमरों का निर्माण किया जाएगा। गेस्ट हाउस में दो बड़े बेडरूम के साथ दो डायनिंग हाल होंगे। इसके साथ ही कामन वेटिंग रूम, कामन वीआईपी लाउंज के साथ दो पॉवर रूम, पीए कक्ष, गार्ड रूम आदि का निर्माण किया जाएगा।

# नगर निगम में भाजपा का दबदबा, महापौर के बाद उपमहापौर भी निर्विरोध...

## जसवंत कंवर के बाद सोमानी ने भी निर्विरोध जीता मैदान, दोनों ने ली पद की शपथ; आज विधि-विधान से संभालेंगे निगम की कमान...

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** नगर निगम भीलवाड़ा में भाजपा ने महापौर के बाद अब उपमहापौर पद पर भी निर्विरोध निर्वाचन कराकर अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत कर ली है। महापौर जसवंत कंवर के बाद वार्ड 16 से दूसरी बार पार्षद निर्वाचित राधेश्याम सोमानी निर्विरोध उपमहापौर चुने गए। खास बात यह रही कि निर्धारित समय सीमा तक सोमानी के सामने किसी अन्य प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। इसके साथ ही निगम के दोनों प्रमुख पदों पर निर्विरोध निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी हो गई।



**नामांकन से पहले भाजपा कार्यालय में शक्ति प्रदर्शन**

मंगलवार सुबह राधेश्याम सोमानी भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे, जहां पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद पार्टी नेताओं और समर्थकों के साथ वे नामांकन दाखिल करने नगर निगम पहुंचे। नामांकन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, संगठन जिला प्रभारी संजय जैन और नवनिर्वाचित महापौर जसवंत कंवर सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। वार्ड 43 के पार्षद बनवारीलाल जोशी ने राधेश्याम सोमानी के नाम का प्रस्ताव रखा। निर्धारित समय तक दूसरा नामांकन नहीं आने पर निर्वाचन अधिकारी ने सोमानी को निर्विरोध उपमहापौर निर्वाचित घोषित कर दिया।

**महापौर-उपमहापौर दोनों पद भाजपा के खाते में**

महापौर पद पर जसवंत कंवर के निर्विरोध निर्वाचन के बाद उपमहापौर पद पर भी सोमानी का निर्विरोध चुना जाना भाजपा के लिए अहम राजनीतिक घटनाक्रम माना जा रहा है। निगम के दोनों शीर्ष पद अब भाजपा के पास हैं, जबकि निगम में भाजपा के 45 पार्षद निर्वाचित हुए हैं। निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, प्रहलाद त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, भूपेंद्र सिंह बिलिया, शशांक बिड़ला सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**जसवंत कंवर ने ली महापौर पद की शपथ**

इससे पहले निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा देवठिया ने नवनिर्वाचित महापौर जसवंत कंवर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ के साथ ही जसवंत कंवर आधिकारिक रूप से भीलवाड़ा नगर निगम की महापौर बन गईं। इसके बाद निगम के राजनीतिक नेतृत्व में महापौर और उपमहापौर दोनों पदों पर भाजपा की नई टीम का गठन पूरा हो गया।

**आज 11 बजे संभालेंगे निगम की कमान**

नवनिर्वाचित महापौर जसवंत कंवर और उपमहापौर राधेश्याम सोमानी बुधवार सुबह 10.30 बजे नगर निगम परिसर में विधि-विधान के साथ पदभार ग्रहण करेंगे। पदभार ग्रहण समारोह को लेकर निगम स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

**45 पार्षदों ने ली शपथ, निगम में नई टीम की औपचारिक शुरुआत**

इधर भाजपा के सभी 45 नवनिर्वाचित पार्षद मंगलवार दोपहर भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने पार्षदों का स्वागत-अभिनंदन किया। इसके बाद सभी पार्षद सामूहिक रूप से नगर निगम पहुंचे, जहां निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा देवठिया ने उन्हें पार्षद पद की शपथ दिलाई और निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किए।

**इसी दौरान राधेश्याम सोमानी को भी उपमहापौर पद की शपथ दिलाई गई।** अब बुधवार को महापौर और उपमहापौर के पदभार ग्रहण के साथ नगर निगम में भाजपा की नई निर्वाचित टीम औपचारिक रूप से कामकाज संभाल लेगी।

# शाहपुरा पालिका में मोहम्मद इशाक का 'इक्का', 21 वोट लेकर बने उपाध्यक्ष

## राजूलाल कहार को मिले 14 मत, 7 वोट के अंतर से जीत; निर्वाचन अधिकारी ने की निर्वाचित घोषित...

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शाहपुरा नगर पालिका में अध्यक्ष के बाद अब उपाध्यक्ष पद पर भी चुनावी तस्वीर साफ हो गई है। उपाध्यक्ष पद के चुनाव में मोहम्मद इशाक ने 21 मत हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी राजूलाल कहार को 14 मत मिले। इस तरह इशाक ने 7 वोट के अंतर से जीत हासिल की। नगर पालिका आम चुनाव के तहत मंगलवार को उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ। मतदान के बाद मतगणना में मोहम्मद इशाक के पक्ष में 21 मत आए, जबकि राजूलाल कहार को 14 मत मिले। परिणाम घोषित होते ही इशाक समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया। रिटर्निंग अधिकारी बनवारी लाल सिनसिनवार ने मोहम्मद इशाक को उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया। इसके बाद समर्थकों ने इशाक का स्वागत किया और जीत की खुशी जताई। अध्यक्ष पद पर कांग्रेस के रमेश सेन के निर्वाचित होने के बाद अब उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद इशाक की जीत से नगर पालिका में बोर्ड की राजनीतिक तस्वीर भी स्पष्ट हो गई है। अध्यक्ष चुनाव में रमेश सेन ने 18 मत लेकर निर्दलीय बालमुकुंद तोषनीवाल को एक वोट से हराया था। अब उपाध्यक्ष चुनाव में इशाक को 21 मत मिलने से दोनों चुनावों के मतदान समीकरणों को लेकर शहर में राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। इशाक की जीत के बाद समर्थकों ने कहा कि पालिका में अब शहर के विकास को प्राथमिकता देने की उम्मीद है। अध्यक्ष रमेश सेन पहले ही जनभावनाओं का सम्मान करते हुए विकास कार्यों को गति देने की बात कह चुके हैं।



# कटूमर पंचायत समिति में एसीबी की बड़ी कार्रवाई, सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े

*बिल भुगतान के बदले मांगी थी, सत्यापन के बाद एसीबी ने बिछाया जाल; एईएन से 25 हजार और जेईएन से 10 हजार रुपए बरामद*

स्मार्ट हलचल

**कठूमर।** । पंचायत समिति कठूमर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। एसीबी ने सहायक अभियंता शिवराम मीणा को 25 हजार रुपए तथा कनिष्ठ अभियंता मिन्ना खान को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। एसीबी के अनुसार ग्राम पंचायत बडौदाकान में एफएसएसी योजना के तहत टेंडर के माध्यम से राजीव गांधी सेवा केंद्र ईटोला का मरम्मत कार्य कराया गया था। इस कार्य का करीब 2 लाख 52 हजार रुपए का बिल पंचायत समिति कठूमर में भुगतान के लिए लंबित था। बिल पास करवाने के लिए परिवादी ने सहायक अभियंता शिवराम और कनिष्ठ अभियंता मिन्ना खान से संपर्क किया। शिकायत के अनुसार बिल पास करने की एवज में सहायक अभियंता द्वारा 40 हजार रुपए तथा कनिष्ठ अभियंता द्वारा 15 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी। मामले में एसीबी चौकी भिवाड़ी को शिकायत मिलने के बाद 18 सितंबर 2026 को रिश्वत मांग का सत्यापन कराया गया।



**सत्यापन में मांग की पुष्टि, पहले भी लिए थे 15 हजार रुपए**

सत्यापन के दौरान सहायक अभियंता शिवराम द्वारा 40 हजार रुपए की रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि हुई। परिवादी द्वारा राशि कम करवाने पर सौदा 35 हजार रुपए में तय हुआ। सत्यापन के दौरान सहायक अभियंता द्वारा 10 हजार रुपए प्राप्त करना और शेष 25 हजार रुपए बाद में लेने पर सहमति बनी। इसी प्रकार कनिष्ठ अभियंता मिन्ना खान द्वारा 15 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई। सत्यापन के दौरान 5 हजार रुपए मौके पर लेने तथा शेष 10 हजार रुपए बाद में लेने की बात सामने आई।

**बाकी रकम देने के दौरान एसीबी ने दबोचा**

मंगलवार को कठूमर में एसीबी चौकी भिवाड़ी ने जाल बिछाकर ट्रैप कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता शिवराम को 25 हजार रुपए तथा कनिष्ठ अभियंता मिन्ना खान को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया गया। इस कार्रवाई डॉ. रामेश्वर सिंह, उप महानिरीक्षक पुलिस, एसीबी के सुपरवीजन में तथा एसीबी चौकी भिवाड़ी के प्रभारी एवं ट्रैप अधिकारी पुलिस निरीक्षक सुरजीत सिंह के नेतृत्व में की गई। एसीबी के अधिकारियों के अनुसार दोनों आरोपियों से पूछताछ एवं आगे की कार्रवाई जारी है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

# पीथास में गूंजे चारभुजा नाथ के जयकारे, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

## ऊंट-घोड़े, रथ, बैंड-बाजे और आकर्षक झांकियों ने बांधा समां, पुष्प-गुलाल की बारिश के बीच धर्म तलाई पहुंची शोभायात्रा

**भीलवाड़ा** / मांडल तहसील के पीथास गांव में मंगलवार को जलझूलनी एकादशी पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान श्री चारभुजा नाथ का आकर्षक श्रृंगार कर विभिन्न मंदिरों के बेवान के साथ निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय कर दिया। रास्तेभर जयकारों और भजनों की गूंज सुनाई दी। गायक कलाकार आयुष शर्मा, धनराज कोशीथल, पीयूष शर्मा और अर्पित राव ने भक्ति गीतों की ऐसी प्रस्तुति दी कि श्रद्धालु खुद को रोक नहीं पाए और भजनों की धुन पर जमकर झूमे। बी.एन. इवेंट्स पीथास की ओर से शोभायात्रा पर पुष्प एवं गुलाल की वर्षा की गई। शोभायात्रा में मशक, ढोल, ऊंट, घोड़े, रथ, बैंड-बाजे और आकर्षक झांकियां मुख्य आकर्षण रहीं। गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई शोभायात्रा धर्म तलाई पहुंची, जहां श्रद्धा और विधि-विधान के साथ भगवान ठाकुरजी को जल में झुलाने की पारंपरिक रस्म निभाई गई। पीथास सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। जलझूलनी एकादशी पर पूरा पीथास भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। श्रद्धालुओं ने चारभुजा नाथ के दर्शन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

# बिजौलिया में श्रमिक अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्मार्ट हलचल

**बिजौलिया।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा के निर्देशन एवं तालुका विधिक सेवा समिति बिजौलिया की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रूपल अग्रवाल के निर्देश पर सोमवार, 21 सितंबर 2026 को बिजौलिया में श्रमिक अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पैरा लीगल वालंटियर (PLV) रामबाबू माथुर ने उपस्थित श्रमिकों एवं लोगों को श्रमिकों को कानून के तहत मिलने वाले विभिन्न अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रमिकों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से कम भुगतान नहीं किया जा सकता। श्रमिकों को उनकी मजदूरी समय पर मिलना भी उनका अधिकार है। उन्होंने काम के घंटे एवं अवकाश के अधिकार के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि श्रमिकों से निर्धारित समय से अधिक काम नहीं कराया जा सकता तथा उन्हें नियमानुसार अवकाश का अधिकार प्राप्त है। कार्यक्रम में श्रमिकों की सुरक्षा के अधिकार पर भी विशेष रूप से जानकारी दी गई। बताया गया कि फैक्ट्री या कार्यस्थल पर हेलमेट, सुरक्षा चश्मा, मास्क सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना नियोक्ता की जिम्मेदारी है। खतरनाक मशीनों या कार्यस्थल पर दुर्घटना होने की स्थिति में श्रमिक को आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने सहित कानून में निर्धारित अधिकारों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार के शोषण या अधिकारों के उल्लंघन की स्थिति में विधिक सहायता लेने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट मनोज बंजारा, कमलेश ओड, किशन बेरवा, अजय राजपूत, आशीष प्रजापत, शंकर बंदोंका, सदीक मोहम्मद, कमलेश बंजारा एवं नंदलाल लोहार सहित कुल 21 सदस्य उपस्थित रहे।




# जलझूलनी एकादशी पर कोली समाज की शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा शाहपुरा

## बाबा रामदेव की प्रतिमा को पिवणिया तालाब में जल से झुलाया, अच्छी वर्षा व सुख-समृद्धि की कामना

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा ।** जलझूलनी एकादशी के अवसर पर शाहपुरा में मंगलवार को कोली समाज की ओर से आस्था और भक्ति से ओतप्रोत शोभायात्रा निकाली गई। स्थानीय कोली मोहल्ला स्थित बाबा रामदेव मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा में समाजबंधुओं के साथ महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। हाथों में पचरंगी ध्वज लिए श्रद्धालु 'जय हो रामा पीर', 'खम्मा-खम्मा हो कुँवर अजमाल रा' और 'एक-दो-तीन-चार, बाबा तेरी जय-जयकार' के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। पूरा कोली मोहल्ला और बाजार बाबा रामदेव के जयकारों से गूंज उठा। जलझूलनी एकादशी की परंपरा के तहत बाबा रामदेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। मान्यता के अनुसार शोभायात्रा प्रारंभ होने से पहले समाज के प्रत्येक घर से बाबा रामदेव की ज्योत के समक्ष चूरमा-बाटी का भोग लगाया गया। इसके बाद मंदिर से बाबा रामदेव की प्रतिमा को सुसज्जित कर शोभायात्रा रवाना हुई। शोभायात्रा कोली मोहल्ला स्थित बाबा रामदेव मंदिर से नया बाजार, सदर बाजार होते हुए पिवणिया तालाब पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव के जयकारे लगाए। महिलाएं भजनों व धार्मिक गीतों पर चलती रहीं, वहीं बच्चे उत्साह के साथ नृत्य करते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। पिवणिया तालाब पहुंचने पर कोली समाज के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से बाबा रामदेव की प्रतिमा को जल से झुलाया। पंडित भगतराम ने विधिवत पूजा-अर्चना कर आरती कराई। इस दौरान अच्छी वर्षा, क्षेत्र में खुशहाली तथा समाज के सभी परिवारों के सुख-समृद्धि की कामना की गई। कोली समाज विकास संस्थान के अध्यक्ष नरेश कुमार कोली ने बताया कि समाज की ओर से प्रतिवर्ष जलझूलनी एकादशी पर बाबा रामदेव की जल पूजा की परंपरा निभाई जाती है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज की धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। जल पूजा के माध्यम से क्षेत्र में अच्छी वर्षा और सभी के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की जाती है। आयोजन में कोली समाज के अध्यक्ष नरेश कुमार कोली, हाथकरघा समिति अध्यक्ष नाथूलाल कोली, सचिव नाथूलाल तलाया कोली, महेश कोली, रमेश कोली, सोहनलाल कोली, कैलाश कोली, रामप्रताप कोली, नोरत कोली, मिश्रीलाल कोली, गोपाल कोली, दौलत कोली, प्रेमचंद कोली, बंशीलाल कोली, बरदीचंद कोली, पुष्पेंद्र कोली, बबलू कोली, चांदमल कोली, सोहनलाल कोली और गणपत कोली सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।



**शिव मंदिर में जलाभिषेक के साथ हुआ समापन**

पिवणिया तालाब में धार्मिक अनुष्ठान के बाद शोभायात्रा वापस कोली मोहल्ला स्थित शिव मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर आरती की। इसके साथ ही जलझूलनी एकादशी के आयोजन का समापन हुआ। शिवशक्ति युवा मंडल की ओर से सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

**रात्रि जागरण में भजनों से बांधा समां**

जलझूलनी एकादशी से पूर्व बाबा रामदेव मंदिर पर रात्रि जागरण और भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। इसमें कलाकार कैलाश कोली ने बाबा रामदेव के भजनों की प्रस्तुतियां दीं। देर रात तक श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे और धार्मिक वातावरण बना रहा।

### बिजली गुल तो पानी भी गायब!

# भीलवाड़ा में आज शाम से जलापूर्ति ठप




## तिलस्वा-भुजरकलां पंप हाउस की पंपिंग बंद, 23 सितंबर शाम तक रहेगा असर; 24 सितंबर सुबह तक आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी सप्लाई

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / बिजली आपूर्ति बाधित होने का सीधा असर अब शहर की जलापूर्ति पर पड़ने वाला है। तिलस्वाएवं भुजरकलां में पिछले तीन दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण दोनों पंप हाउस से पंपिंग बंद है। इसका असर आरोली स्थित WTP (जल शोधन संयंत्र) की जलापूर्ति व्यवस्था पर पड़ा है। इसके चलते 22 सितंबर की शाम और 23 सितंबर की सुबह भीलवाड़ा शहर सहित जिले में जलापूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। वहीं 23 सितंबर की शाम एवं 24 सितंबर की सुबह जलापूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रहने की संभावना है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खंड-प्रथम, भीलवाड़ा के अधिशाषी अभियंता सिद्धार्थ टाक ने बताया कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने से तिलस्वा एवं भुजरकलां पंप हाउस की पंपिंग प्रभावित हुई है, जिसके कारण आरोली WTP से जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है। लगातार तीन दिन बिजली बाधित रहने से अब पानी की सप्लाई पर संकट गहरा गया है। विभाग ने लोगों से प्रभावित अवधि को देखते हुए पानी का आवश्यक भंडारण रखने और उपलब्ध पानी का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की अपील की है।

# श्याम के जयकारों से गूंजा ककरोलिया

## जलझूलनी एकादशी पर निकली भव्य जल यात्रा, उमड़ा आस्था का सैलाब

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** जलझूलनी एकादशी पर ककरोलिया श्याम मंदिर से निकली भगवान श्याम की भव्य जल यात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय कर दिया। सजे-धजे श्याम बाबा की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालु उन्हें जल झुलाने के लिए यात्रा में लेकर निकले। ढोल-भजन, जयकारे और आस्था... यात्रा के साथ जैसे पूरा गांव उमड़ पड़ा। महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रास्तेभर 'श्याम बाबा की जय' के जयकारों से माहौल गूंजता रहा। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान श्याम का स्वागत कर दर्शन और आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में सुख-शांति, खुशहाली और समृद्धि की कामना की। आयोजन में किशन वैष्णव, मुन्नालाल प्रजापत, शिव पाठक, पूर्व सरपंच शिवप्रकाश ओझा, दीपक ओझा, पवन, रवि पाठक, महावीर जोशी, धर्मराज लोहार, संजू ओझा व रामराज लोहार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। जल यात्रा के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।



# वरिष्ठ नागरिकों का सेवा-संकल्प, खेलों का भी दमखम



## 27 सितम्बर से 11 अक्टूबर तक सेवा व खेलकूद पखवाड़ा, पोस्टर का विमोचन; मेडिकल कैंप से गौसेवा और गरबा तक होंगे आयोजन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा** / वरिष्ठ नागरिक मंच भीलवाड़ा के 20वें स्थापना दिवस एवं अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ के रजत जयंती समारोह के तहत 27 सितम्बर से 11 अक्टूबर तक सेवा एवं खेलकूद पखवाड़ा मनाया जाएगा। मंच अध्यक्ष मदन खटोड़ ने वरिष्ठ नागरिक भवन में पखवाड़े के पोस्टर का विमोचन किया। महासचिव कृष्ण गोपाल सोमानी ने बताया कि पखवाड़े में मेडिकल कैंप, पौष्टिक आहार वितरण, स्वच्छता किट, स्टेशनरी वितरण, गौसेवा और वृद्धाश्रम में भजन सहित विभिन्न सेवा कार्यक्रम होंगे। 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर 80 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों का लक्ष्मी पैलेस में सम्मान किया जाएगा। 5 से 10 अक्टूबर तक कैरम, शतरंज, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और बॉक्स क्रिकेट जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। 11 अक्टूबर को रामस्नेही वाटिका में गरबा के साथ पखवाड़े का समापन होगा। पोस्टर विमोचन में हरिप्रसाद व्यास, शिव बुलिया, दिनेश भट्ट, मंजूलता भट्ट, सरला शर्मा, उर्मिला माहेश्वरी सहित मंच के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गंगापुर नगर पालिका उपाध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस की रश्मि चौहान की जीत

**गंगापुर** नगर पालिका उपाध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रश्मि चौहान ने भाजपा प्रत्याशी रतन लाल जाट को शिकस्त देते हुए जीत हासिल की है। मतदान में रश्मि चौहान को 16 मत मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी को मात्र 9 मत ही प्राप्त हो सके।जीत के बाद नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति काकानी तथा उपाध्यक्ष रश्मि चौहान सहित सभी पार्षदों का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान समर्थकों ने जयकारे लगाकर उत्साह व्यक्त किया।चुनाव के दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखी। एएसपी बुधराज टांक, डीएसपी सुदर्शन देव पालीवाल तथा थाना प्रभारी पूरणमल मीणा पूरे समय मौके पर मौजूद रहे।

### जलझूलनी पर शहर में 3 किलोमीटर निकाली पदयात्रा

# गूंजे भगवान चारभुजा नाथ के जयकारे, शहर में चारभुजा की प्रतीकात्मक पदयात्रा में जगह-जगह हुआ स्वागत

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा** श्री राम पेदल यात्री संघ, सुभाष नगर के तत्वाधान भीलवाड़ा शहर में मेवाड़ के आस्था के केंद्र चारभुजा नाथ बड़ा मंदिर, पुराना भीलवाड़ा तक शहर में तीसरी बार पैदल यात्रा आयोजित की गई। पदयात्रा में आगे आगे बैंड बाजों के साथ मंदसौरी ढोल नगाड़े झंडा लिए श्वेत वस्त्र में पुरुष एवं लाल चुन्दड में महिलाएं भजन गाते ढोल नगाड़े की थाप पर नाचते झूमते चल रही थी जिनका जगह-जगह पर स्वागत सत्कार में पुष्प वर्षा की गई। सुभाष नगर राम मंदिर से आज प्रातः शहर भ्रमण के लिए पदयात्रा आरके कॉलोनी, चारभुजा नाथ मंदिर, गणेश मंदिर, रोडवेज बस स्टैंड, दूधाधारी गोपाल मंदिर ,रघुनाथ मंदिर दर्शन कर बड़ा मंदिर पहुंची मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि सुभाष नगर राम मंदिर से पुराना शहर बड़ा मंदिर तक करीब 3 किलोमीटर पदयात्रा 2 घंटे में पहुंची श्री माहेश्वरी समाज श्री चारभुजा जी मंदिर ट्रस्ट भीलवाड़ा के सरक्षक उदयलाल समदानी, रामेश्वर तोषनीवाल अध्यक्ष चंद्र सिंह तोषनीवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाल मुकुंद राठी, मंत्री प्रहलाद भदादा, राकेश पटवारी, बद्रीलाल डाड ,महावीर समदानी सहित सभी ट्रस्टियो ने पदयात्री संघ के कैलाश गगरानी, राजेश सोमानी, अनिल बांगड़, दिनेश बागड, प्रहलाद बांगड़, सूर्य प्रकाश पटवारी, कैलाश सामरिया, ओम मालू,ओम प्रकाश दिनेश बांगड ,आशीष लड्ढा राजेंद्र राठी ,ओम मालू ,मोहित बांगड, घीसु लाल तोतला ,कैलाश सामरिया, लक्ष्मी नारायण मूंदड़ा सहित सैकड़ों पद यात्रियों को चारभुजा नाथ की तस्वीर भेंट कर दुपट्टा पहना कर गुलाब कि पंखुड़ियां से जोरदार स्वागत किया चारभुजा नाथ के दर्शन कर ध्वजा चढ़ाई हाथी गोडा पाल की जय कन्हैया लाल की, जयकारे के साथ परिक्रमा के बाद पद यात्रियों को उतारी हुई ध्वजा ट्रस्टोंयो द्वारा दी गई। इसके बाद सभी पद यात्रियों को माखन मिश्री एवं पेड का प्रसाद वितरित किया गया। चारभुजा नाथ को जल विहार कराया श्री माहेश्वरी समाज श्री चारभुजा मंदिर ट्रस्ट के बडा मंदिर में चारभुजा बड़ा मंदिर पोड़ावना ग्रुप की ओर से साय 5 से 6 बजे मंदिर से बेवान बगीची ले जाया गया अभिषेक किया गया,भजन संध्या का आयोजन हुआ। गोपाल सोमानी ने बताया कि साय 6 बजे शोभा यात्रा के तहत ठाकुर जी को जल विहार के लिए बड़े मंदिर की बगीची में ले जाकर जल झूलन कराया गया

## ई-रिक्शा में क्षमता से अधिक बच्चों का आवागमन, सुरक्षा पर सवाल

### फिटनेस और चालक के लाइसेंस को लेकर भी उठे सवाल, शिक्षा विभाग से कार्रवाई की मांग

स्मार्ट हलचल



**खखरेरू/फतेहपुर** कस्बे में संचालित निजी विद्यालयों में बच्चों के आवागमन में सुरक्षा मानकों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि नगर पंचायत क्षेत्र स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय, नेशनल पब्लिक स्कूल मातादीन एक्सल अकादमी राघव पब्लिक स्कूल सूर्यापाल सिंह जूनियर हाईस्कूल रक्षपालपुर में बच्चों को ई-रिक्शा से विद्यालय लाया और ले जाया जा रहा है। इनमें क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाए जाने से हादसे का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निजी विद्यालयों में बच्चों के परिवहन के लिए वाहनों की फिटनेस समेत अन्य मानकों की जांच समय-समय पर की जाती है। इसके बावजूद विद्यालय में बच्चों के आवागमन के लिए इस्तेमाल किए जा रहे ई-रिक्शा को लेकर नियमों के पालन पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप यह भी है कि ई-रिक्शा चालकों के पास बच्चों के सुरक्षित परिवहन से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण और वैध दस्तावेजों की स्थिति स्पष्ट नहीं है। अभिभावकों ने शिक्षा और परिवहन विभाग से विद्यालय में बच्चों के आवागमन के लिए इस्तेमाल हो रहे वाहनों की जांच कराने तथा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। बड़ा सवाल- बच्चों के परिवहन वाले ई-रिक्शा की फिटनेस की जांच हुई या नहीं?- क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने पर जिम्मेदारी किसकी होगी?- चालक के लाइसेंस और अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच कौन करेगा? इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी, विजयीपुर रजनीश श्रीवास्तव से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि कल परिवहन के संबंध में जांच की जाएगी।

## गंगापुर में जलझूलनी एकादशी का पर्व उत्साह और आस्था के साथ मनाया गया



स्मार्ट हलचल

**गंगापुर** / नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जलझूलनी एकादशी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायागया। इस अवसर पर नगर के प्रमुख मंदिरों–राधाकृष्ण मंदिर, श्री दास हनुमान मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, नरसिंह मंदिर, पंचतीर्थ बालाजी मंदिर और चारभुजा मंदिर , राधा कृष्ण मंदिर कसारा समाज से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पंचतीर्थ बालाजी मंदिर से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होती हुई मुनि धाम पहुंची। शोभायात्रा के प्रभारी लादूलाल जागेटिया ने बताया कि हजारों श्रद्धालु बैंड, ढोल और डीजे की मधुर धुनों पर नाचते-गाते हुए शामिल हुए। शोभायात्रा में राधा-कृष्ण की जीवंत झांकियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने गुलाल और पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। मार्ग में भक्तों को साबूदाने की खिचड़ी, केले, सेव और ठंडाई का प्रसाद वितरित किया गया। मुकेश वैष्णव के नेतृत्व में मार्ग में अखाड़ा प्रदर्शन भी हुआ, जिसमें पहलवानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। पूरा वातावरण 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' और 'जय चारभुजा नाथ की' के जयघोष से गूंज उठा। सोमदत्त डीडवानिया चैरिटेबल ट्रस्ट के चेतन प्रकाश डीडवाना व उनके परिवारजनों और विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष जगदीश झवर द्वारा सभी बेवानों की महा आरती की गई। मुनि धाम पहुंचने पर भगवान को फव्वारा स्नान और बारिश में स्नान करवाया गया। तत्पश्चात महा आरती और प्रसाद वितरण हुआ। शोभायात्रा में बजरंग कीर्तन मंडल, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह आयोजन आस्था, उत्साह और सामाजिक एकता का प्रतीक बना।

### कांवाखेड़ा में जलझूलनी एकादशी पर निकली ठाकुरजी की भव्य रेवाड़ी

## पुष्पवर्षा और भजन-कीर्तन से गूंजा क्षेत्र, हरणी महादेव सरोवर में कराया ठाकुरजी का जलाभिषेक

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** कांवाखेड़ा में जलझूलनी एकादशी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांवाखेड़ा स्थित बालाजी मंदिर प्रांगण से भगवान ठाकुरजी की भव्य रेवाड़ी निकाली गई। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रेवाड़ी के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत बालाजी मंदिर में ठाकुरजी की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद भगवान ठाकुरजी को आकर्षक श्रृंगार कर पालकी में विराजमान किया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर से रेवाड़ी रवाना होने के बाद श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़े। रेवाड़ी कॉलोनी के प्रमुख मार्गों से होकर हरणी महादेव सरोवर पहुंची। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। महिलाओं और पुरुषों ने भजन-कीर्तन में भाग लेते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रेवाड़ी में शामिल श्रद्धालुओं ने धार्मिक जयघोष के साथ भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। हरणी महादेव सरोवर पहुंचने पर ठाकुरजी को जल में विराजमान कराया गया। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पूजा की और परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। धार्मिक परंपरा के अनुसार जलझूलनी एकादशी पर भगवान को जल विहार कराया गया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन में भक्तों की बड़ी भागीदारी रही। रेवाड़ी के दौरान ढोल-बाजे, भजन और धार्मिक जयघोष से कांवाखेड़ा का माहौल पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। भक्तों ने बताया कि जलझूलनी एकादशी पर हर वर्ष भगवान ठाकुरजी की रेवाड़ी निकालने की परंपरा रही है। इस आयोजन में क्षेत्र के लोग उत्साहपूर्वक शामिल होते हैं। इस बार भी आयोजन को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। देर तक मंदिर और सरोवर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। धार्मिक आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं ने भगवान ठाकुरजी से क्षेत्र में सुख-शांति, खुशहाली और अच्छी वर्षा की कामना की। जलझूलनी एकादशी के अवसर पर निकली भव्य रेवाड़ी ने कांवाखेड़ा में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

## शम्भूगढ़ कस्बे में जलझूलनी एकादशी पर निकली बेवान की विशाल शोभायात्रा

### आज जलझूलनी एकादशी पर्व के अवसर पर शम्भूगढ़ कस्बे के विभिन्न मंदिरों से गाजे बाजे के साथ बेवान यात्राए निकाली गई

स्मार्ट हलचल

**अरनिया** चारभुजानाथ, ठाकुर जी महाराज, लक्ष्मीनारायण जी भगवान, सेन जी महाराज, बाबा रामदेव जी महाराज, पाबुजी महाराज की बेवान यात्राए निकाली गई। विभिन्न मंदिरों से होते हुए बेवान कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए खारी नदी के किनारे स्थित सार्वजनिक पार्क में पहुंचे। पुजारियों द्वारा ठाकुर जी भगवान के साथ सभी देवताओं को जलविहार करवाया गया व भजनों की प्रस्तुतियां दी। एक समान वेशभूषा पहनकर रेगर समाज की महिलाओं ने सामाजिक एकजुटता का परिचय दिया। बाबा रामदेव जी महाराज की बेवान शोभायात्रा कार्यक्रम के दौरान रेगर समाज की महिलाओं ने एक समान वेशभूषा पहनकर बेवान यात्रा में हिस्सा लिया जो कि विशेष आकर्षण का केंद्र रही।



## जलझूलनी एकादशी पर निकली शोभायात्रा, ठाकुरजी ने किया जलविहार बेवाण के साथ उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

स्मार्ट हलचल



**अरवड़@कस्बे** सहित पुरानी अरवड़, नई अरवड़, कोठियां, पनोतिया, देवरिया, इटड़िया आदि गांवों में मंगलवार को जलझूलनी एकादशी महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न मंदिरों से भगवान के बेवाण नगर भ्रमण के लिए निकाले गए।श्री लक्ष्मीनाथ भगवान मंदिर, श्री चारभुजानाथ मंदिर, श्री राधाकृष्ण मंदिर, गोपाल मंदिर, श्री रघुनाथजी महाराज मन्दिर, रामदेवजी महाराज मंदिर व शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों के बेवाण शोभायात्रा के रूप में निकले। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर बेवाण का स्वागत किया। 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों और भजनों से पूरा कस्बा भक्तिमय हो गया। मंदिरों में पंडितों ने भगवान का अभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार किया। ठाकुरजी को निज मंदिर से भक्तों के कंधों पर सवार कर जलझूलन के लिए सरोवर तक ले जाया गया। सरोवर घाट पर सभी मंदिरों के बेवाण की विशेष आरती की गई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान के साथ जलविहार किया। जलझूलनी एकादशी को लेकर मंदिरों में दिनभर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कस्बे सहित आसपास के गांवों में भी धार्मिक उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।

### भीलवाड़ा जिले की 10 नगर पालिकाओं में उपाध्यक्ष पद के नतीजे घोषित

## मांडलगढ़, बिजोलिया, बीगोद, बनेड़ा, जहाजपुर और आसींद सहित 7 निकायों में भाजपा के उपाध्यक्ष, गंगापुर, गुलाबपुरा और शाहपुरा में कांग्रेस को सफलता

स्मार्ट हलचल






**भीलवाड़ा ।** नगरीय निकाय चुनाव-2026 के तहत मंगलवार को भीलवाड़ा जिले की 10 नगर पालिकाओं में उपाध्यक्ष पद के चुनाव संपन्न हुए। मतदान और मतगणना के बाद सभी 10 नगर पालिकाओं के उपाध्यक्ष पदों के परिणाम सामने आ गए। उपलब्ध परिणामों के अनुसार भाजपा के 7 और कांग्रेस के 3 उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

**मांडलगढ़ में अनीता सुराणा निर्वाचित**

मांडलगढ़ नगर पालिका में भाजपा की अनीता सुराणा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुईं। चुनाव में अनीता सुराणा को 12 वोट मिले, जबकि कांग्रेस की जहरा फातिमा को 2 वोट मिले। कुल 20 पार्षदों में से 14 ने मतदान किया, जबकि 6 पार्षदों ने मतदान नहीं किया। अनीता सुराणा ने 10 मतों के अंतर से जीत दर्ज की।

**बिजोलिया में सौभाग्य सिंह पंवार**

बिजोलिया नगर पालिका में भाजपा के सौभाग्य सिंह पंवार उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

**बीगोद में अमृता सिंधी**

बीगोद नगर पालिका में भाजपा की अमृता सिंधी उपाध्यक्ष निर्वाचित हुईं।

**बनेड़ा में कैलाश माली**

बनेड़ा नगर पालिका में भाजपा के कैलाश माली उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

**जहाजपुर में प्रिया मीणा**

जहाजपुर नगर पालिका में भाजपा की प्रिया मीणा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुईं।

**आसींद में चंद्रवीर सिंह चौहान**

आसींद नगर पालिका में भाजपा के चंद्रवीर सिंह चौहान उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

**हमीरगढ़ में जगदीश वैष्णव**

हमीरगढ़ नगर पालिका में भाजपा के जगदीश वैष्णव उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

**गंगापुर में कांग्रेस की रश्मि चौहान**

गंगापुर नगर पालिका में कांग्रेस की रश्मि चौहान उपाध्यक्ष निर्वाचित हुईं।

गुलाबपुरा में कांग्रेस के रामदेव खरोल

गुलाबपुरा नगर पालिका में कांग्रेस के रामदेव खरोल उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

**शाहपुरा में कांग्रेस के इशाक खान**

शाहपुरा नगर पालिका में कांग्रेस के इशाक खान उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

भीलवाड़ा जिले की 10 नगर पालिकाओं का उपाध्यक्ष परिणाम

**मांडलगढ़ : अनीता सुराणा : भाजपा**

बिजोलिया : सौभाग्य सिंह पंवार : भाजपा

**बीगोद : अमृता सिंधी : भाजपा**

बनेड़ा : कैलाश माली : भाजपा

**जहाजपुर : प्रिया मीणा : भाजपा**

आसींद : चंद्रवीर सिंह चौहान : भाजपा

हमीरगढ़ : जगदीश वैष्णव : भाजपा

**गंगापुर : रश्मि चौहान : कांग्रेस**

गुलाबपुरा : रामदेव खरोल : कांग्रेस

शाहपुरा : इशाक खान : कांग्रेस

**अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के परिणाम से स्पष्ट हुई तस्वीर**

भीलवाड़ा जिले की 10 नगर पालिकाओं में 21 सितंबर को हुए अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा के 7 और कांग्रेस के 3 अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। मांडलगढ़ में श्वेता डांगी, बिजोलिया में स्नेहा तिवारी, बीगोद में लोकेश नागौरी, बनेड़ा में गोपाल चरण, जहाजपुर में अल्केश वैष्णव, गुलाबपुरा में विष्णु देवी वैष्णव और आसींद में सत्येंद्र सिंह चौहान भाजपा से अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं गंगापुर में प्रीति काकाणी, हमीरगढ़ में प्रकाश जाट और शाहपुरा में रमेश सैन कांग्रेस से अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पदों के परिणाम सामने आने के बाद जिले की सभी 10 नगर पालिकाओं में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों की तस्वीर भी स्पष्ट हो गई है।

### मांडलगढ़ में अनीता सुराणा बनीं नगर पालिका उपाध्यक्ष

# उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा की अनीता सुराणा को 12 और कांग्रेस की जहरा फातिमा को 2 वोट; 6 पार्षदों ने नहीं किया मतदान

स्मार्ट हलचल





**मांडलगढ़ ।** मांडलगढ़ नगर पालिका के उपाध्यक्ष पद पर भाजपा की अनीता सुराणा निर्वाचित हुई हैं। मंगलवार को हुए उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला रहा। निर्धारित मतदान अवधि शाम 5 बजे समाप्त होने तक 20 सदस्यीय नगर पालिका में 14 पार्षदों ने मतदान किया, जबकि 6 पार्षदों ने मतदान नहीं किया।

मतगणना में भाजपा प्रत्याशी अनीता सुराणा को 12 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी जहरा फातिमा को 2 वोट प्राप्त हुए। इस तरह अनीता सुराणा ने जहरा फातिमा को 10 मतों के अंतर से हराकर उपाध्यक्ष पद हासिल किया।

**भाजपा और कांग्रेस के बीच रहा सीधा मुकाबला**

उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा की ओर से अनीता सुराणा ने नामांकन दाखिल किया था, जबकि कांग्रेस की ओर से जहरा फातिमा ने नामांकन किया। निर्दलीय पार्षद की ओर से उपाध्यक्ष पद के लिए कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोनों प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला रहा। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना में अनीता सुराणा के पक्ष में 12 और जहरा फातिमा के पक्ष में 2 मत आए।

**20 सदस्यीय बोर्ड में 14 मत पड़े**

मांडलगढ़ नगर पालिका में कुल 20 पार्षद हैं। उपाध्यक्ष पद के चुनाव में इनमें से 14 पार्षदों ने मतदान किया, जबकि 6 पार्षदों ने मतदान नहीं किया। पड़े 14 मतों में भाजपा की अनीता सुराणा को 12 और कांग्रेस की जहरा फातिमा को 2 मत मिले। इस तरह कुल पड़े मतों में अनीता सुराणा को स्पष्ट बहुमत मिला और वे उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित हुईं।

**अध्यक्ष पद पर भी भाजपा का कब्जा**

मांडलगढ़ नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर एक दिन पहले भाजपा की श्वेता डांगी निर्वाचित हुई थीं। अध्यक्ष पद के चुनाव में श्वेता डांगी को 12, निर्दलीय जूली ओस्तवाल को 6 और कांग्रेस की जहरा फातिमा को 2 मत मिले थे। अब उपाध्यक्ष पद भी भाजपा के खाते में आने से मांडलगढ़ नगर पालिका में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पद भाजपा के पास हो गए हैं।

**अनीता सुराणा पहले भी रह चुकी हैं उपाध्यक्ष**

अनीता सुराणा का मांडलगढ़ नगर पालिका की राजनीति में पहले से अनुभव रहा है। वे पूर्व में कांग्रेस की ओर से नगर पालिका उपाध्यक्ष रह चुकी हैं। इस बार उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के रूप में उपाध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। एक ही नगर पालिका में पहले कांग्रेस की ओर से उपाध्यक्ष रह चुकी अनीता सुराणा का इस बार भाजपा के टिकट पर उसी पद पर निर्वाचित होना स्थानीय निकाय की राजनीति में उल्लेखनीय बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

**मांडलगढ़ नगर पालिका का वर्तमान चुनावी गणित**

कुल वार्ड – 20
भाजपा – 11 पार्षद
निर्दलीय – 7 पार्षद
कांग्रेस – 2 पार्षद
कुल – 20 पार्षद

अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा की श्वेता डांगी को 12 मत मिलने के बाद अब उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भी भाजपा की अनीता सुराणा को 12 मत मिले हैं।

उपाध्यक्ष चुनाव का परिणाम
अनीता सुराणा – भाजपा – 12 वोट
जहरा फातिमा – कांग्रेस – 2 वोट
कुल मतदान – 14 वोट
मतदान नहीं किया – 6 पार्षद
कुल पार्षद – 20
जीत का अंतर – 10 वोट

इस तरह मांडलगढ़ नगर पालिका में अध्यक्ष पद के बाद उपाध्यक्ष पद पर भी भाजपा ने जीत दर्ज की। अनीता सुराणा अब नगर पालिका की उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगी।

## जल झूलन एकादशी पर्व पर मंदिरों के बेवाणो से सजा बिजौलियाँ का किशोर सागर तालाब ठाकुर जी ने किया जलविहार



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ** / कस्बे में जलझूलनी एकादशी का पर्व मंगलवार को उत्साह-उमंग के साथ भक्तिमय माहौल में मनाया गया। शाम को सभी मंदिरों से ठाकुरजी को विमानों में विराजित कर रामरेवाड़ी निकाली गई। बैंड- बाजे, शंख, घण्टा-घड़ियाल की ध्वनि और बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' जैसे जयकारों के साथ रामरेवाड़ी शोभायात्रा सदर बाजार, बड़ा दरवाजा व खटीक मोहल्ला होते हुए विजयसागर तालाब पहुंची। विजयसागर तालाब में ठाकुर जी को जलविहार करवाया गया और आरती कर प्रसाद वितरित किया। इसके बाद सभी विमान रावले में पहुंचे जहां आरती-पूजा के साथ ही राजपरिवार द्वारा ठाकुर जी को भेंट अर्पित की गई। सभी विमान पुनः मंदिरों पर पहुंचे जहां महाआरती कर प्रसाद वितरित किया गया। जलझूलनी एकादशी को लेकर नगरपालिका प्रशासन द्वारा विजयसागर तालाब पर माकूल व्यवस्था की गई।

श्री चारभुजा मित्र मंडल, भीलवाड़ा के नेतृत्व में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन सम्पन्न

# भजन-भक्ति के साथ हुआ विशाल भंडारा एवं छप्पन भोग आयोजन, चारभुजा नाथ के जयकारों से गूंजा गढ़बोर

## गग्गड़ परिवार के आयोजन में छप्पन भोग, महाआरती और विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ

**चारभुजा धाम में भक्ति के साथ सेवा का महापर्व, 15 हजार भक्तों ने ग्रहण की प्रसादी, पदयात्रियों को फिजियोथैरेपी व विश्राम की सुविधा**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा/ गढ़बोर ।** भक्ति के सुर, भगवान के जयकारे और सेवा-प्रसादी की खुशबू...



गढ़बोर चारभुजा धाम में तीन दिन तक आस्था का ऐसा ही वातावरण बना रहा। श्री चारभुजा नाथ की आराधना के बीच भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय रहा तो छप्पन भोग और महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भगवान के दर्शन कर धर्मलाभ लिया। कहीं चारभुजा नाथ के जयकारे गूंजे तो कहीं भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर दिया। अवसर था श्री चारभुजा मित्र मंडल, भीलवाड़ा के नेतृत्व में रायला के गग्गड़ परिवार की ओर से आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन का। होटल मेवाड़ (माधव), मांडवाड़ा टोल के पास आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम 19 से 21 सितंबर तक चला। आयोजन में भजन-कीर्तन, छप्पन भोग दर्शन, महाआरती और विशाल भंडारे सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए। भीलवाड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान श्री चारभुजा नाथ के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। श्री चारभुजा मित्र मंडल, भीलवाड़ा के राहुल गग्गड़ व अर्चित मूंदड़ा ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन के दौरान प्रतिदिन ठाकुरजी का अलग-अलग श्रृंगार किया गया और विविध भोग लगाए गए। कार्यक्रम स्थल पर भगवान का दरबार आकर्षक ढंग से सजाया गया। भक्ति गीतों और जयकारों के बीच श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

**छप्पन भोग के दर्शन को उमड़ा आस्था का सैलाब**

आयोजन के तहत 20 सितंबर को दोपहर 1 बजे महाआरती के साथ भगवान श्री चारभुजा नाथ को छप्पन भोग अर्पित किया गया। विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से सजे छप्पन भोग के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। महाआरती के दौरान चारभुजा नाथ के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ लिया।

**भजनों ने बांधा भक्ति का रंग**

तीन दिवसीय आयोजन में अलग-अलग दिन भजन कार्यक्रम हुए। 19 सितंबर को भजन गायक पं. देवकीराम शास्त्री, 20 सितंबर को सिंगर सुनील गंधर्व तथा 21 सितंबर को गोवत्स दिव्याशु दाधीच ने भजनों की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में डुबोया। वहीं जगदीश वैष्णव ने भी भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजन संध्या के दौरान श्रद्धालु देर तक भक्ति गीतों में रमते रहे और जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा।

**भोजन से लेकर उपचार तक, पदयात्रियों की सेवा**

धार्मिक आयोजन के साथ सेवा का भी विशेष स्वरूप देखने को मिला। श्री चारभुजा मित्र मंडल, भीलवाड़ा के संजय लाहोटी व विशाल बाहेती ने बताया कि कार्यकर्ताओं और सदस्यों ने पदयात्रियों की आवभगत के लिए व्यापक व्यवस्थाएं कीं। पदयात्रा के कारण थकान, जकड़न, मांसपेशियों में दर्द और पैरों में छाले जैसी समस्या से परेशान श्रद्धालुओं को फिजियोथैरेपी एवं प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। फिजियोथैरेपी उपकरणों के माध्यम से बड़ी संख्या में पदयात्रियों को राहत दी गई। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए भोजन-प्रसाद, सोडा-शिकंजी, पानी-पताशे, चाय-कॉफी, इत्र-सुगंध तथा मेडिकल सुविधा की व्यवस्था की गई। पदयात्रियों के रात्रि विश्राम के लिए करीब 100 पलंग लगाए गए। आयोजकों के अनुसार तीन दिनों में करीब 15 हजार श्रद्धालुओं के प्रसाद की व्यवस्था की गई।

**सेवा में जुटे रहे मंडल के कार्यकर्ता**

आयोजन की व्यवस्थाओं में श्री चारभुजा मित्र मंडल के पदाधिकारी, सदस्य और स्वयंसेवक लगातार जुटे रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा से लेकर भोजन, चिकित्सा और विश्राम व्यवस्था तक कार्यकर्ताओं ने जिम्मेदारियां संभालीं। आयोजन के दौरान कैलाश कोठारी, अशोक बाहेती, अनिल बांगड़, राजेन्द्र कचोलिया, नारायणलाल लढ़ा, सुरेश कचोलिया, मनोहर अजमेरा, जितेंद्र मून्दड़ा, महापौर प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह राणावत, अजय मूंदड़ा (मामा) रौनक काष्ट, पिंटू मूंदड़ा, राजेन्द्र मालू, अंकित लखोटिया, कैलाश ईनाणी, सचिन काबरा, कमल सोनी, शिव चेचानी, रोहित गग्गड, शशांक बिड़ला, अमित झंवर, मोहित गग्गड, अनिल चौधरी, अशोक तोषनीवाल, मुकेश चेचानी, जगदीश लढ़ा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सेवाएं दीं। आयोजक गग्गड़ परिवार (रायला) ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य भगवान श्री चारभुजा नाथ के प्रति श्रद्धा अर्पित करने के साथ समाज में भक्ति, सेवा और सद्भाव की भावना को मजबूत करना रहा। तीन दिनों तक चले आयोजन में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन पर आयोजकों ने सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं, कार्यकर्ताओं और सेवाभावी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## गुलाल से सराबोर हुए आठ मंदिरों के ठाकुर जी: गुरला में राम रेवाड़ियों के मिलन पर उड़ा श्रद्धा का अबीर, अद्भुत था नज़ारा



स्मार्ट हलचल

**गुरला / गुरला** भीलवाडा जलझूलनी एकादशी के महाउत्सव पर गुरला कस्बे में तब आस्था का चरम रूप देखने को मिला, जब कस्बे के आठ प्रमुख मंदिरों के ठाकुर जी एक साथ नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान पूरा माहौल अबीर और गुलाल के सतरंगी बादलों से सराबोर हो गया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो भाद्रपद के महीने में ब्रज की जीवंत होली उतर आई हो। आठ विमानों का महामिलन और गुलाल की वर्षा दोपहर बाद जैसे ही अलग-अलग देवस्थानों से ठाकुर जी के सुसज्जित बैवाण (विमान) रवाना हुए, वे कस्बे के मुख्य चौराहे पर आकर आपस में मिले।

**सतरंगी छटा:**

इस आठ मन्दिरों के ठाकुर जी और सालिग्राम के'महामिलन' के दौरान श्रद्धालुओं और पुजारियों ने ठाकुर जी के चरणों में गुलाल अर्पित की और हवा में अबीर उड़ाया।

**भक्तों का उत्साह**

देखते ही देखते सभी आठों राम रेवाड़ियों के साथ-साथ वहाँ मौजूद हज़ारों श्रद्धालु भी पूरी तरह गुलाल से सराबोर हो गए।


**महाआरती के बाद हुआ जलविहार**

गुलाल की मस्ती में डूबा यह भव्य लवाजमा नाचते-गाते हुए गुरलां कस्बे के पवित्र जलाशय रणजीत सागर तालाब के घाट पर पहुँचा। यहाँ सभी आठों पालकियों को कतारबद्ध तरीके से विराजित किया गया। पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच भगवान शालिग्राम जी को पवित्र जल से स्नान (जलविहार) कराया गया। इसके बाद ठाकुर जी को विशेष भोग लगाकर महाआरती की गई, जिसमें पूरा गुरला क्षेत्र 'जय चारभुज नाथ की' के जयकारों से गूंज उठा।

# जबरन बेदखली और ब्लास्टिंग के आरोपों से घिरी आदित्य सीमेंट फैक्ट्री, अमराना वासियों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

## बिना मुआवजा घर-मकान खाली कराने, झूठे मुकदमों में फंसाने और धमकाने के गंभीर आरोप; 150-200 मीटर दूर माइंस में ब्लास्टिंग से मकानों में दरारें और छतें टूटने का दावा

स्मार्ट हलचल











**चित्तौड़गढ़।** सावा-शम्भुपुरा क्षेत्र की आदित्य सीमेंट फैक्ट्री के खिलाफ रेल का अमराना गांव के ग्रामीण अब सीधे राजस्थान हाईकोर्ट पहुंच गए हैं। फैक्ट्री प्रबंधन पर ग्रामीणों ने बिना मुआवजा दिए पुश्तैनी घर-मकान और बाड़ों से बेदखल करने, प्रशासन एवं पुलिस के माध्यम से दबाव बनाने तथा विरोध करने वालों के खिलाफ मुकदमे दर्ज करवाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों की ओर से राजस्थान हाईकोर्ट, जोधपुर में एस.बी. सिविल रिट पिटीशन दायर की गई है। याचिका ग्रामीणों की ओर से अधिवक्ता जसवंत सिंह राठौड़, चित्तौड़गढ़ एवं सत्यप्रकाश सिंह, जोधपुर के माध्यम से पेश की गई है। प्रेस नोट के अनुसार याचिका पर सुनवाई हो चुकी है और अगली सुनवाई अगले सप्ताह निर्धारित की गई है।

**गांव खाली कराने का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश**

ग्रामीणों का आरोप है कि आदित्य सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा कथित तौर पर अपने प्रभाव और ताकत का इस्तेमाल कर उन्हें उनके घरों, मकानों और बाड़ों से हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिना उचित मुआवजा दिए उन्हें अपनी जमीन और रिहायशी मकान छोड़ने के लिए दबाव में लिया जा रहा है। आरोप है कि विरोध करने वाले ग्रामीणों पर पुलिस के माध्यम से मुकदमे दर्ज करवाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है और गांव खाली करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसे अपने अधिकारों और आजीविका पर सीधा हमला बताया है।

**कलेक्ट्रेट पर धरना भी दिया, नोटिस भी भेजे**

प्रेस नोट के मुताबिक, ग्रामीण इस मामले को लेकर पूर्व में चित्तौड़गढ़ कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन भी कर चुके हैं। ग्रामीणों की ओर से अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से फैक्ट्री प्रबंधन को कानूनी नोटिस भी भेजे गए, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ।

**इसके बाद ग्रामीणों ने न्याय के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।**

माइंस की ब्लास्टिंग को लेकर भी गंभीर सवाल

ग्रामीणों ने याचिका में फैक्ट्री की माइंस में होने वाली ब्लास्टिंग को लेकर भी गंभीर चिंता जताई है। ग्रामीणों के अनुसार गांव से महज 150 से 200 मीटर की दूरी पर माइंस संचालित हो रही है, जहां कथित तौर पर बिना पर्याप्त पूर्व सूचना के भारी ब्लास्टिंग की जाती है। ग्रामीणों का दावा है कि ब्लास्टिंग के कारण घरों की छतें टूट गईं, पक्के मकानों में नुकसान हुआ और घरेलू सामान तक नीचे गिरने लगा। उनका कहना है कि लगातार होने वाली ब्लास्टिंग के कारण गांव में रहने वाले लोगों, बच्चों, बुजुर्गों और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर भय बना रहता है।

**'घर छोड़ें या दबाव झेलें'–ग्रामीणों के सामने संकट**

ग्रामीणों की ओर से आरोप लगाया गया है कि गांव खाली नहीं करने पर उन्हें फैक्ट्री में प्रवेश नहीं करने देने की धमकियां दी जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी रोजी-रोटी और रोजगार भी इसी क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, ऐसे में गांव और रोजगार दोनों पर दबाव बनाया जाना उनके लिए गंभीर संकट पैदा कर रहा है। अब इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों की निगाहें राजस्थान हाईकोर्ट की आगामी सुनवाई पर टिकी हैं। याचिका में लगाए गए आरोपों पर अंतिम न्यायिक निष्कर्ष आना अभी बाकी है।

**स्मार्ट हलचल नोटः** यह खबर अधिवक्ता जसवंत सिंह राठौड़ की ओर से जारी प्रेस नोट और उसमें वर्णित याचिका/ग्रामीणों के आरोपों पर आधारित है। आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अथवा आदित्य सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन का पक्ष इस प्रेस नोट में उपलब्ध नहीं है। प्रबंधन का पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

## काछोला में जलझूलनी एकादशी पर निकली शोभायात्रा, एक दर्जन से अधिक बैवाण ने किया जलविहार

**84 गांव आम चौखला के भक्त उमड़े,**

**जोधपुर की दिव्या व त्रिशा के भजनों पर थिरके श्रद्धालु**



स्मार्ट हलचल

**काछोला** तहसील कस्बे में मंगलवार को जलझूलनी एकादशी महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। महोत्सव में 84 गांव आम चौखला क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान एक दर्जन से अधिक विभिन्न मंदिरों के बैवाण नगर भ्रमण के लिए निकले। शोभायात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान कलाकार जोधपुर की दिव्या वैष्णव व त्रिशा के भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर जमकर थिरके। जय कन्हैया लाल की,चारभुजा रा चौक म,के जयकारों से पूरा कस्बा भक्तिमय हो गया। जलझूलनी एकादशी महोत्सव में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिरों में पंडितों ने भगवान का अभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार किया। दोपहर करीब 2:15 बजे ठाकुरजी निज मंदिर से भक्तों के कंधों पर सवार होकर ग्वाले के रूप में जलझूलन के लिए रवाना हुए। इसके बाद विभिन्न मंदिरों के बैवाण शोभायात्रा के साथ जलविहार के लिए पहुंचे। सरोवर के घाट पर सभी मंदिरों के बैवाण की विशेष आरती की गई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान के साथ जलविहार किया। वहीं क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री सरथला चारभुजा नाथ मंदिर में भी दिनभर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जलझूलनी एकादशी को लेकर कस्बे सहित आसपास के गांवों में भी धार्मिक उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।वही सुबह भगवान रामदेव जी महाराज के बेवान में विराजकर रेगर समाज व मेघवंशी समाज द्वारा भगवान को नगर भ्रमण कराकर जल विहार करवाया।

दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम भी आवश्यक - मौलाना शाह

## मदरसा में बच्चों के ठंडा पानी के लिए वाटर कूलर का फीता काटकर किया शुभारंभ

स्मार्ट हलचल।



काछोला 22 सितम्बर - कस्बे में इस्लामिया अंजुमन मदरसा उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के लिए शुद्ध व ठंडा पानी के लिए वाटर कूलर का मौलाना मोहम्मद शाह आलम,मदरसा सचिव हाजी मोहम्मद शाबीर रंगरेज,हाजी रमजान अली बिसायती, अशरफ अली,अब्बास अली,अकबर अली, रफीक,शहजाद ने वाटर कूलर का फीता काटकर शुभारंभ किया। सभी का स्वागत मदरसा कमेटी के हाजी मोहम्मद शाबीर रंगरेज,हाजी बाबू मेवाती,कमालुद्दीन, उस्मान गनी,अब्बास अली ने किया।इससे पूर्व मौलाना मोहम्मद शाह आलम ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस वर्तमान दौर में पढ़ाई बहुत जरूरी है और कहा कि कितनी भी विषम परिस्थिति हो लेकिन जीवन में कामयाबी के लिए शिक्षा जरूरी है,कम खाओ,कम पहनो पर अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ और कहा कि पढ़ने वाले बच्चों के लिए शुद्ध,स्वच्छ और ठंडा पेयजल आवश्यक है,शुद्ध जल स्वस्थ शरीर के लिए जरूरी है।वही मोलाना शाह आलम ने कहा कि दीनी तालीम के साथ साथ दुनियावी तालीम भी जरूरी है।जिससे बच्चा दीन के साथ साथ शिक्षा से अपना जीवन सफल बना सकता है। वाटर कूलर सेवानिवृत सहायक कृषि अधिकारी हाजी रमजान अली , डॉ याकूब अली बिसायती ने अपने परिजनों की माता,पिता,दादा दादी की याद में मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों के लिए लगाया। इस अवसर पर हाजी मोहम्मद शाबीर रंगरेज,हाजी बाबू मेवाती, कमालुद्दीन रंगरेज,हाजी लाल मोहम्मद सोरगर,उस्मान गनी रंगरेज,मुबारिक हुसैन मंसूरी,हाजी इस्माइल मोहम्मद लुहार,जाकिर मंसूरी,मुबारिक रंगरेज,महबूब कायमखानी,इखलास मंसूरी,अख्तर, शादाब ,रईस,आरिफ,इंसाफ,सहित आदि उपस्थित थे।

## म्हारो हेलो सुनो जी रामा पीर, रुणिचे रा धणिया, अजमल जी रा कंवरा, माता मेना दे रा लाल, रानी नेतल रा भरतार...

**विशाल भजन संध्या में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब**

**एक शाम श्री बाबा रामदेव जी के नाम**

स्मार्ट हलचल



**काछोला** सितम्बर -कस्बे में सोमवार रात्रि को बस स्टैंड स्थित भगवान बाबा रामदेव जी का जन्मोत्सव मेघवंशी समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया, जिसमें मंदिर परिसर के समीप भजन संध्या और विशेष धार्मिक कार्यक्रम हुए। पुजारी रामलाल ने श्रद्धालुओं के साथ भगवान बाबा रामदेव की पूजा अर्चना कर आरती की और श्रद्धालुओं ने अपने वी परिवारजनों की सुख,शांति,समृद्धि,खुशहाली की प्रार्थना की। सभी अतिथियों का स्वागत मेघवंशी समाज के काछोला प्रशासक रामपाल बलाई, मनीष मेघवंशी, कैलाश बलाई,सत्य नारायण बलाई,शंकर लाल,मांगी लाल,रामदेव,शंभू लाल सहित आदि सदस्यों द्वारा किया गया। प्रसिद्ध भजन गायक नारायण मेघवंशी व उनकी टीम रघुवीर और दिनेश सहित आदि कलाकारों ने बाबा रामदेव जी महाराज के भजनों की प्रस्तुति दी। भजन गायक मेघवंशी ने खम्मा खम्मा हो म्हारी रुणिचे रा धनिया अजमल जी रा कंवरा नेटल रा भरतार,सुणो हरजी मारा भगत बचे लाना जाऊं, मैं काशी मथुरा ना कोई तीरथ धामबाबा सुन लो विनती मारी जीजुग जुग चरणा में राखो बाबा रामदेव, रिमझिम बरसे मेहलो पापी रो अंत करो जीखम्मा मारा हिंदू राजा, परचो दुनिया रे मा।सहित आदि भजनों पर जिसमें 'म्हारो हेलो सुनो जी रामा पीर, रुणिचे रा धणिया, अजमल जी रा कंवरा, माता मेना दे रा लाल, रानी नेतल भरतार... 'पर भक्तों को थिरकने पे मजबूर कर दिया।वही रातभर चले भजनों पर भगवान बाबा रामदेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। बाबा रामदेव की भक्ति रात भर चला जागरण कस्बे में सोमवार रात्रि को बाबा रामदेव मंदिर में जागरण हुआ मेघवंशी समाज जनों ने रात भर भजन कीर्तन कर बाबा की आराधना की मंगलवार सुबह मंदिर के शिखर पर ध्वज चढ़ाया गया इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ और बाबा रामदेव की भजन भक्ति की वही भगवान बाबा रामदेव को बेवान में विराजकर शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण करवाया वहीं श्रद्धालुओं ने प्रताप सागर तालाब में भगवान के बेवान को पालकी में विराज कर जल विहार करवाया।इस अवसर पर प्रशासक रामपाल बलाई,मनीष मेघवंशी, सत्यनारायण बलाई, भाग चंद,भंवर लाल, शंकर लाल,रामदेव,प्रभु लाल,दुर्गा लाल, जगदीश,कैलाश,नारायण लाल,राजू लाल, सालगराम, सत्यनारायण, बंशी लाल, रामपाल, सूर्यप्रकाश ,शिवलाल, रणजीत, राकेश मेघवंशी,दुर्गा लाल, पप्पू,पुजारी राम लाल, महेंद्र,किशन,कन्हैया लाल सहित आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# उपाध्यक्षीय पदों पर चुनाव के साथ निकायों की निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण

**उदयपुर में दिनेश भट्ट बने उप महापौर**

**मावली में लॉटरी से हुआ फैसला**

स्मार्ट हलचल



**उदयपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशन में चल रही नगरीय निकाय चुनाव प्रक्रिया मंगलवार को निकायों के उपाध्यक्षीय पदों के लिए हुए चुनाव के साथ संपन्न हुई। उदयपुर नगर निगम सहित जिले की सभी नगरपालिकाओं में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपादित हुई। उदयपुर में भाजपा प्रत्याशी दिनेशचंद्र भट्ट नए उपमहापौर चुने गए। मावली में अध्यक्ष की तरह ही उपाध्यक्ष पद का फैसला भी लॉटरी से हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम उदयपुर सहित भींडर, वल्लभनगर, कानोड़, मावली एवं फतहनगर सनवाड नगरपालिकाओं में मंगलवार सुबह 10 बजे से उपाध्यक्षीय पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। सुबह 11 बजे तक नामांकन हुआ, इसके बाद नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई। दोपहर 2.30 बजे से मतदान शुरू हुआ तथा मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतगणना कर परिणाम जारी किए गए। उदयपुर नगर निगम में कुल 80 पार्षदों ने मतदान किया। इसमें भाजपा प्रत्याशी दिनेश चंद्र भट्ट को 56 और कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण मेघवाल को 24 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार भाजपा प्रत्याशी श्री भट्ट 32 मतों से विजयी घोषित हुए। रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम गिर्वा अवुला सांईकृष्ण ने उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा तथा शपथ दिलाई। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी एडीएम सिटी जितेंद्र ओझाभी उपस्थित रहे। उधर, नगरपालिका कानोड़ में कांग्रेस के दिलीपसिंह को 14 और भाजपा के चेतनप्रकाश मेनारिया को 6 मत मिले। इस प्रकार दिलीपसिंह 8 मतों से विजयी रहे। भीण्डर में कांग्रेस के शोएब बोहरा को 14 और भाजपा के चमनलाल को 11 मत मिले। श्री बोहरा 3 मतों से विजयी रहे। नगरपालिका वल्लभनगर में भाजपा के कमलेश को 16 और कांग्रेस की सीमा अग्रवाल को 4 मत मिले। कमलेश 12 मतों से विजयी रहे। नगरपालिका मावली में कांग्रेस के मोहम्मद असरार और भाजपा के नितेश को 10-10 मत मिले। लॉटरी में कांग्रेस के असरार विजयी घोषित किए गए। फतहनगर-सनवाड़ में कांग्रेस की श्रेया गर्ग को 13 और भाजपा के मुकेश खटीक को 11 मत मिले। एक मत निरस्त हुआ। इस प्रकार कांग्रेस की श्रेया 2 मतों से विजयी रही।

**आदर्श आचार संहिता समाप्त**

निकाय चुनावों की निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 309 में से 304 नगरीय निकाय क्षेत्रों से आदर्श आचार संहिता समाप्ति की घोषणा कर दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं आयोग सचिव राजेश वर्मा की ओर से जारी आदेश के अनुसार नगर निगम जयपुर, जोधपुर, कोटा, नगरपालिका सुकेत एवं खाटुश्यामजी को छोड़ कर शेष सभी निकायों में आदर्श आचार संहिता समाप्त कर दी गई है।

# कोटड़ा कागला के छात्र राकेश भील ने तैराकी में बढ़ाया स्कूल और क्षेत्र का मान

## अंडर-14 बटरफ्लाई तैराकी में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम स्थान, झालावाड़ में दिखाया दमखम

स्मार्ट हलचल



**हरनावदाशाहजी।** ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं अवसर मिलने पर जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोटड़ा कागला के छात्र राकेश भील ने अंडर-14 आयु वर्ग की बटरफ्लाई तैराकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सेंट जोसेफ स्कूल, झालावाड़ में किया गया।

**जिलेभर के खिलाड़ियों के बीच दिखाया दमखम**

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर-14 बटरफ्लाई तैराकी में राकेश भील ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़कर प्रथम स्थान हासिल किया। राकेश ने अपनी तैराकी की गति, तकनीक और खेल कौशल का प्रभावी प्रदर्शन करते हुए मुकाबले में सफलता हासिल की। बटरफ्लाई तैराकी को तैराकी की कठिन विधाओं में माना जाता है। इसमें खिलाड़ी को गति के साथ शरीर का संतुलन, सांसों पर नियंत्रण और लगातार अभ्यास की जरूरत होती है। राकेश ने मेहनत और अभ्यास के दम पर इस चुनौतीपूर्ण विधा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा साबित की।

**ग्रामीण विद्यालय की प्रतिभा ने हासिल की बड़ी उपलब्धि**

कोटड़ा कागला जैसे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय से निकलकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करना विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। राकेश की सफलता से विद्यालय के विद्यार्थियों और ग्रामीणों में भी खुशी का माहौल है। उसकी उपलब्धि ने यह साबित किया कि ग्रामीण अंचल में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें उचित मार्गदर्शन और अवसर देने की है।

**शारीरिक शिक्षक विकास गोठानिया का मार्गदर्शन**

राकेश की इस सफलता में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक विकास गोठानिया के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने राकेश को प्रतियोगिता की तैयारी के दौरान आवश्यक खेल मार्गदर्शन दिया तथा बेहतर प्रदर्शन के लिए लगातार प्रोत्साहित किया। राकेश के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार ने शारीरिक शिक्षक विकास गोठानिया के प्रयासों की भी सराहना की।

**प्रधानाध्यापक ने जताई खुशी**

विद्यालय के प्रधानाध्यापक दुर्गेश पाठक ने राकेश भील की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में आगे बढ़ने के लिए भी लगातार प्रोत्साहित किया जाता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उचित मार्गदर्शन, नियमित अभ्यास और अवसर मिलने पर विद्यार्थी जिला ही नहीं बल्कि संभाग और राज्य स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं।

प्रधानाध्यापक ने राकेश को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**समस्त स्टाफ ने दी बधाई**

राकेश भील के जिला स्तरीय बटरफ्लाई तैराकी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय के समस्त स्टाफ ने खुशी जताई और उसे बधाई दी। शिक्षकों ने कहा कि राकेश की सफलता से विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। विद्यालय परिवार ने राकेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। राकेश की इस उपलब्धि से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोटड़ा कागला सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

---

## ढोल-बैंड की थाप पर झूमे भक्त, जयकारों से गूंजा शहर

### जलझूलनी एकादशी पर ठाकुरजी का भव्य बेवान नगर भ्रमण, जगह-जगह आरती और पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा( महेन्द्र नागौरी)** जलझूलनी एकादशी पर मंगलवार को संतोष कॉलोनी स्थित श्री चारभुजानाथ मृत्युंजय महादेव हठीले हनुमान मंदिर से ठाकुरजी का भव्य बेवान नगर भ्रमण निकला। दोपहर 3.15 बजे मंदिर से निकली शोभायात्रा में ढोल-बैंड और भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। चारभुजानाथ के जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिमय हो उठा। मीडिया प्रभारी मनोज व्यास ने बताया कि ठाकुरजी का बेवान विभिन्न मार्गों से होते हुए नगर भ्रमण पर निकला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु नाचते-गाते और जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल हुए। समिति अध्यक्ष गोविंद पारीक ने बताया कि मार्ग में जगह-जगह धर्मप्रेमियों ने ठाकुरजी की आरती उतारी और भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। कई स्थानों पर भक्तों की ओर से खीर, शरबत, फल और मिठाई का प्रसाद वितरित किया गया। सचिव एडवोकेट तेजेन्द्र सिंह शक्तावत ने बताया कि नगर भ्रमण के बाद सायंकाल आरती के समय ठाकुरजी पुनः निज मंदिर पधारे। मंदिर में आरती के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और दर्शन-पूजन के बाद प्रसाद वितरित किया गया। जलझूलनी एकादशी को लेकर मंदिर को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया था। आयोजन में मंदिर समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया।



---

### तपोग्नि से निखरेगी आत्मा, तभी खुलेगा मोक्ष का द्वार

## आचार्य पुलकसागर बोले- शरीर से ज्यादा मन की ताकत जरूरी, जो तपता है वही निखरता है

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा** / सोना

आग में तपकर निखरता है और आत्मा तपस्या से परमात्मा बनती है। जीवन को निखारना है तो तपना ही पड़ेगा। शरीर और आत्मा दोनों को तपाने पर ही मुक्ति का मार्ग खुलेगा। यह संदेश राष्ट्र संत आचार्य मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज ने मंगलवार को सूर्यमहल, शास्त्रीनगर में दशलक्षण महापर्व के सातवें दिन उत्तम तप धर्म की आराधना के दौरान दिया। आचार्यश्री ने कहा कि तपस्या के लिए शरीर से ज्यादा मन की ताकत चाहिए। मन मजबूत हो तो कठिन तप भी सहज हो जाता है और मन कमजोर हो तो तप के मार्ग पर चलना मुश्किल है। महावीर दर्शन न भोग का है, न केवल योग का, बल्कि उपयोग का दर्शन है। उन्होंने कहा कि तप केवल शरीर को कष्ट देना नहीं, बल्कि भीतर की अशुद्धियों को जलाना भी है। बाहर और भीतर दोनों स्तर पर तप करने वाला ही मोक्ष का अधिकारी बनता है। तपस्वियों की अनुमोदना करने से भी पुण्य मिलता है। दस दिन की उपवास तपस्या करने वाले तपस्वियों का सम्मान और अनुमोदना समाज का दायित्व है।

**भक्ति में झूमे श्रावक-श्राविकाएं**

उत्तम तप धर्म के अवसर पर भगवान का अभिषेक, शांतिधारा और पूजन हुआ। भक्ति के दौरान श्रावक-श्राविकाएं झूमते-नाचते नजर आए। पाप नाशनम् शिविर में सैकड़ों श्रद्धालु सुबह से रात तक पूजा, साधना और भक्ति में जुटे हैं। चातुर्मास समिति अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि भगवान का अभिषेक करने का सौभाग्य संतकुमार, विपुल व अतुल पाटनी परिवार को तथा शांतिधारा का सौभाग्य पारस व खुश्बू जैन, इंदौर को मिला। शाम की महाआरती श्री पार्श्वनाथ महिला मंडल, शास्त्रीनगर ने की। बुधवार को उत्तम त्याग धर्म की आराधना होगी। दस दिवसीय पर्युषण आराधना 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर पूर्ण होगी। आयोजन में चातुर्मास समिति अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, संयोजक मनीष शाह, सह संयोजक लोकेश अजमेरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे हुए हैं।

---

## सेवा के संकल्प के साथ मानसी लेडीज सोसाइटी की नई कार्यकारिणी ने संभाली जिम्मेदारी

### प्रीति चतर अध्यक्ष, शिल्पा सिंघल उपाध्यक्ष और मंजू सोनी सचिव बनीं; 17 नए सदस्यों ने ली संस्था की शपथ

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** मानसी लेडीज सोसाइटी, इंद्र विहार कोटा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह तलवंडी स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दो बालिकाओं खुशी राठौर और याशिका राठौर ने गणपति वंदना एवं मां सरस्वती की स्तुति की प्रस्तुति के साथ किया। पूर्व अध्यक्ष श्रद्धा सिंह खींची ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। वार्ड 56 की नवनिर्वाचित पार्षद शोभा अहलूवालिया एवं अरुणा नागर ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई। अध्यक्ष प्रीति चतर, उपाध्यक्ष शिल्पा सिंघल, सचिव मंजू सोनी, सहसचिव मंजू पावा एवं कोषाध्यक्ष राजश्री पारीक ने निष्ठापूर्वक अपने पद की जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम का संचालन ज्योति सेठी ने किया।

**23 वर्षों की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प**

नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रीति चतर ने कहा कि मानसी लेडीज सोसाइटी 23 वर्षों से सेवा कार्यों के लिए संकल्पित होकर समाज के विभिन्न वर्गों के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सोसाइटी की ओर से विद्यालयों में स्टेशनरी एवं फर्नीचर उपलब्ध कराने के साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण शिविर और सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। संस्था के गठन के समय जिस सेवा संकल्प को लेकर यात्रा शुरू की गई थी, उसे पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। उपाध्यक्ष शिल्पा सिंघल ने बताया कि समारोह के दौरान 17 नए सदस्यों ने भी सोसाइटी की सदस्यता ग्रहण करते हुए सेवा कार्यों के प्रति समर्पण की शपथ ली। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सेवा कार्यों के लिए प्रशासन द्वारा सम्मानित की गईं सदस्य ज्योति यादव को भी समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी की वरिष्ठ सदस्याएं अनिता लड्ढा, रेणू सूद, अनिता चौधरी, बीना त्यागी एवं तारा पटियाल, वर्षा माहेश्वरी, रचना मित्तल, ज्योति यादव,कामिनी सिंघल मंजू सोनी, दुर्गा झंवर, तुलिका गर्ग सहित अन्य सदस्याएं मौजूद रहीं।

---

## महाराजा अग्रसेन जयंती पर निम्बाहेड़ा में होंगे आठ दिवसीय कार्यक्रम

### गौसेवा, रक्तदान, खेलकूद प्रतियोगिताओं सहित भव्य शोभायात्रा एवं महिलाओं के विशेष आयोजन होंगे आकर्षण का केंद्र

स्मार्ट हलचल

**निम्बाहेड़ा** / महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज समिति, निम्बाहेड़ा की ओर से 4 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक आठ दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर 21 सितंबर को अग्रसेन भवन में समिति अध्यक्ष आशीष अग्रवाल की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई, जिसमें कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। आठ दिवसीय आयोजन के अंतर्गत गौसेवा, जीवदया, रक्तदान, फल वितरण, क्रिकेट एवं बैडमिंटन प्रतियोगिताएं, महिलाओं के लिए दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम, भव्य शोभायात्रा तथा पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा, सामाजिक समरसता एवं समाज की एकजुटता का संदेश दिया जाएगा। बैठक में संरक्षक जगदीश अग्रवाल, अनिल गर्ग, प्रियांक नरेडी, ज्ञानमल अग्रवाल, सचिव अरुण गर्ग, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल, राजकुमार रायपुरिया, अनिल ऐरन, राजकुमार अग्रवाल, संकेत अग्रवाल, शांतिलाल अग्रवाल, दिनेश चौधरी, हेमंत गोयल, शिव अग्रवाल, गौरव बंसल सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

---

## साक्षी ने कुश्ती तो मानसी ने वुशु में जीता स्वर्ण पदक, समाज के नागरिकों ने किया स्वागत

स्मार्ट हलचल


साक्षी सामरिया
मानवी सामरिया

**अनिल कुमार खींची ब्यावर ।** 70वीं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में गुरूदीप अकेडमी की दो प्रतिभावान छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर ब्यावर का नाम रोशन किया। साक्षी सामरिया ने कुश्ती तथा मानसी सामरिया ने वुशु प्रतियोगिता में अपने-अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है। 70वीं जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता अंडर-17/19 के 57 किलोग्राम भार वर्ग में कुमारी साक्षी सामरिया पुत्री श्री नरेन्द्र कुमार सामरिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। फाइनल मुकाबले में साक्षी ने सारोठ की छात्रा को पराजित किया। साक्षी अब भरतपुर जिले की डीग तहसील में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में ब्यावर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसी प्रकार 70वीं जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता अंडर-17/19 में कुमारी मानसी सामरिया पुत्री श्री नरेन्द्र कुमार सामरिया ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मानसी ने सेन्दड़ा की छात्रा को पराजित किया। मानसी का चयन श्रीगंगानगर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दोनों बेटियों की इस शानदार उपलब्धि पर समाज के नागरिकों ने उनका स्वागत कर अभिनंदन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपलब्धि पर दादा सीताराम सामरिया एवं पिता नरेन्द्र कुमार सामरिया ने हर्ष व्यक्त करते हुए बेटियों की सफलता पर खुशी जताई। गुरूदीप अकेडमी के शिक्षकों, प्रशिक्षकों, परिजनों एवं खेलप्रेमियों ने भी दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

---

## सांवरिया सेठ के भजनों पर झूम उठा ब्यावर, भक्ति में सराबोर हुआ राठी पवेलियन

### प्रशासनिक अधिकारियों सहित शहरवासियों ने भजनों पर झूमकर लिया आनंद

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार खींची, ब्यावर।** श्री वीर तेजा मेले के तहत सुभाष उद्यान स्थित राठी पवेलियन में आयोजित भव्य भजन संध्या में सांवरिया सेठ के भजनों ने ऐसा समां बांधा कि पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भजनों की मधुर धुनों पर प्रशासनिक अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में मौजूद ब्यावरवासियों ने झूमते-नाचते हुए भक्ति का आनंद लिया। भजन संध्या में सांवरिया सेठ के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। जैसे ही भजनों की स्वर लहरियां गूंजीं, पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गए। लोगों ने तालियों और जयकारों के साथ भजनों का आनंद लिया। कई श्रद्धालु भजनों पर झूमते और नृत्य करते नजर आए। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी भी रही। सभी ने भक्तिमय माहौल में भजनों का आनंद लिया। राठी पवेलियन देर रात तक भक्ति गीतों और जयकारों से गूंजता रहा। श्री वीर तेजा मेले के दौरान आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शहरवासियों की बड़ी भागीदारी देखने को मिल रही है। मेले में धार्मिक आयोजनों के साथ लोक कला, भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सांवरिया सेठ के भजनों की संध्या भी मेले की यादगार प्रस्तुतियों में शामिल रही।

---

## अनुशासन और सेवा भावना के साथ राज्य पुरस्कार टेस्टिंग के लिए रवाना हुआ स्काउट गाइड दल

स्मार्ट हलचल



**कोटा,** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ कोटा दक्षिण का स्काउट-गाइड दल राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैम्प में भाग लेने के लिए मंगलवार को मंडल प्रशिक्षण केंद्र, आलनिया के लिए रवाना हुआ। दल को स्थानीय संघ सचिव एवं जिला प्रधान प्रकाश जायसवाल ने शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। उन्होंने स्काउट-गाइड भावना के अनुरूप अनुशासन, सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना के साथ शिविर में भाग लेने तथा शिविर के नियमों की पूर्ण पालना करने की सीख दी। इस अवसर पर प्रकाश जायसवाल ने कहा कि राज्य पुरस्कार टेस्टिंग स्काउट-गाइड के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। शिविर में प्रतिभागियों को स्काउटिंग एवं गाइडिंग से संबंधित विभिन्न गतिविधियों, कौशलों और निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर अपनी दक्षता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से शिविर के दौरान अनुशासन बनाए रखने, समय का सदुपयोग करने तथा टीम भावना के साथ प्रत्येक गतिविधि में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। जायसवाल ने बताया कि यूनिट लीडर नीलम पारेता की अगुवाई में सरोजनी नायडू ओपन गाइड कंपनी तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आवासन मंडल, केशवपुरा की कुल 12 गाइड और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नयागांव के 7 स्काउट राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप में भाग लेने के लिए रवाना हुए हैं। दल आलनिया स्थित मंडल प्रशिक्षण केंद्र पहुंच गया, जहां 22 से 25 सितंबर तक राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग-गाइडिंग युवाओं में आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। राज्य पुरस्कार के लिए होने वाली टेस्टिंग में प्रतिभागियों को अपनी मेहनत, प्रशिक्षण और सीखी हुई स्काउटिंग-गाइडिंग गतिविधियों का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। दल के रवाना होने के दौरान शिक्षा सहकारी के संचालक मंडल सदस्य दिनेश कुमार मीणा, स्काउट मास्टर मनीष कुमार शर्मा एवं योगिता महावर सहित अन्य उपस्थित रहे। सभी ने स्काउट-गाइड दल को सफल टेस्टिंग के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतिभागियों ने भी शिविर में पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लेने का संकल्प व्यक्त किया।

---

## दीक्षान्त हरचन्दानी बने ब्यावर नगरपरिषद के उपसभापति

### भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस की शिवांगी नागौरा को 22 मतों से दी शिकस्त, हरचन्दानी को मिले 41 वोट

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार खींची ब्यावर ।** ब्यावर नगरपरिषद में उपसभापति पद के लिए मंगलवार को हुए चुनाव में भाजपा के दीक्षान्त हरचन्दानी ने जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी शिवांगी नागौरा को 22 मतों के अंतर से पराजित किया। हरचन्दानी को कुल 41 मत, जबकि शिवांगी नागौरा को 19 मत प्राप्त हुए। उपसभापति चुनाव को लेकर पिछले कई दिनों से राजनीतिक सरगर्मियां तेज थीं। भाजपा ने कई दावेदारों के बीच युवा पार्षद दीक्षान्त हरचन्दानी को अपना प्रत्याशी बनाया। वहीं कांग्रेस की ओर से शिवांगी नागौरा ने नामांकन दाखिल किया था। मतदान के बाद घोषित परिणाम में हरचन्दानी को भाजपा के पार्षदों की संख्या से अधिक मत प्राप्त हुए। इससे उन्हें अन्य दलों अथवा निर्दलीय पार्षदों का भी समर्थन मिलने की चर्चा रही। हालांकि किस पार्षद ने किस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया, इसका आधिकारिक रूप से खुलासा नहीं हुआ है। हरचन्दानी की जीत के बाद भाजपा समर्थकों में उत्साह का माहौल नजर आया।

---

## कचरा उठा, धारणा भी बदली : इंदौर में शिकायत के ढाई घंटे में कचरा उठाने पहुंचा निगम का अमला

स्मार्ट हलचल

नगर निगम का नाम आते ही अमूमन लोगों के जेहन में लेट-लतीफी और अनसुनी शिकायतों की तस्वीर उभरती है। मगर विजय नगर स्थित स्कीम-54 में घटी एक घटना ने इस आम धारणा को बदला है। यहां एक नागरिक की पहल और निगम कर्मियों की तत्परता ने साबित किया कि व्यवस्था में जवाबदेही अभी जिंदा है। स्कीम-54 निवासी मानवी अग्रवाल जैन के घर के बगीचे का कचरा जमा था। सुबह 8 बजे उन्होंने कचरा संग्रहण वाहन के कर्मचारी पंकज को इसकी जानकारी दी। पंकज ने बिना टालमटोल किए सूचना तुरंत संबंधित जोन तक पहुंचाई। कुछ ही देर में स्थानीय पार्षद पूजा पाटीदार के प्रतिनिधि मनोज जाधव ने रहवासी से संपर्क कर लोकेशन और कचरे की स्थिति समझी। इसके बाद कार्रवाई में तनिक भी देर नहीं हुई। ठीक सुबह 10:30 बजे निगम की टीम वाहन समेत दरवाजे पर मौजूद थी। औपचारिकता पूरी कर टीम ने कचरा उठाया और रवाना हो गई। शिकायत दर्ज होने से लेकर समाधान तक—महज ढाई घंटे का वक्त लगा। मानवी के लिए यह सिर्फ कचरा उठने की राहत नहीं, बल्कि नागरिक चेतना का विषय भी था। उन्होंने कहा, 'लापरवाही पर सवाल उठाना नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन वक्त पर बेहतर काम होने पर सराहना करना भी हमारा नैतिक कर्तव्य होना चाहिए।' अक्सर नागरिक व्यवस्था की खामियों की तस्वीरें खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल करते हैं, जो सजगता के लिहाज से जरूरी भी है। लेकिन जब कोई कर्मचारी ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाता है, तब वैसी ही तत्परता तारीफ में कम ही दिखती है। यह घटना कोई चमत्कार नहीं, बल्कि तय जिम्मेदारी का समय पर निर्वहन है। शहर सिर्फ लगातार शिकायतों से नहीं, बल्कि सही काम को मिलने वाली सार्वजनिक सराहना से बेहतर बनता है।

---

# लाखेरी में भाजपा से राकेश सैनी अध्यक्ष एवं कांग्रेस से अमित बजाज बने उपाध्यक्ष

## एक वोट से पलटा परिणाम, अब जनता देखना चाहतीं हैं काम

स्मार्ट हलचल

**लाखेरी** - सोमवार को नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान के बाद भाजपा के राकेश सैनी बाबा ने एक वोट से जीत दर्ज की। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका चुनाव में भाजपा को 16 सीट, कांग्रेस को 17 सीट एवं निर्दलीय को 2 सीट मिली थी। सोमवार को हुए नगरपालिका अध्यक्ष चुनाव में भाजपा ने एक वोट से जीत दर्ज कर लाखेरी में भाजपा का बोर्ड बना लिया, और कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। परिणाम में भाजपा को 18 वोट, कांग्रेस को 17 वोट मिले। कांग्रेस की ओर से क्रॉस वोटिंग के कारण भाजपा ने बहुमत हासिल कर लिया। सोमवार को



चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिंदाबाद, राकेश बाबा जिंदाबाद के नारे लगाए। समर्थको में भारी उत्साह देखने को मिला।

**कांग्रेस के अमित बजाज बने उपाध्यक्ष**

नगरपालिका उपाध्यक्ष के लिए मंगलवार को हुए चुनाव में भाजपा से मोहन दयालानी, कांग्रेस से अमित बजाज चुनावी मैदान में थे। भाजपा एवं कांग्रेस वार्ड पार्षदों ने मतदान किया। मतदान बाद मतगणना परिणाम में कांग्रेस को 18 मत एवं भाजपा को 17 मत मिले। कांग्रेस ने एक वोट से उपाध्यक्ष पद को अपने नाम कर लिया। जैसे ही परिणाम की घोषणा हुई तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भर आया। अमित बजाज जिंदाबाद के नारों से परिणाम स्थल गूंजायमान हो गया। एक वोट से कांग्रेस ने उपाध्यक्ष का पद हासिल कर लिया।

### मुजाहिद खान बने उपसभापति, शहरवासियों ने विधायक सहित नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया स्वागत

## 38 मत लेकर भाजपा की चतरो देवी को 16 मतों से हराया

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर सिटी, ।** नगर परिषद गंगापुर सिटी के उपसभापति पद के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मुजाहिद खान ने जीत दर्जकी। मंगलवार को हुए चुनाव में नगर परिषद के सभी 60 निर्वाचक सदस्यों ने मतदान किया और सभी मत वैध पाए गए। मुजाहिद खान को 38 मत मिले, जबकि भाजपा की चतरो देवी को 22 मत प्राप्त हुए। मुजाहिद खान ने 16 मतों के अंतर से जीत हासिल की। मुजाहिद खान के उपसभापति निर्वाचित होने के बाद शहरवासियों ने विधायक रामकेश मीणा, नवनिर्वाचित सभापति कृष्ण कुमार गोयल 'कुबेर' एवं उपसभापति मुजाहिद खान का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान समर्थकों और कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया तथा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गईं। गौरतलब है कि इससे पहले नगर परिषद सभापति पद पर कांग्रेस के कृष्ण कुमार गोयल 'कुबेर' निर्वाचित हुए थे। उपसभापति पद पर मुजाहिद खान की जीत के साथ नगर परिषद गंगापुर सिटी में सभापति और उपसभापति दोनों पद कांग्रेस के खाते में आ गए हैं।



# धाता ब्लॉक में प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष का चुनाव संपन्न, संजय सिंह निर्विरोध निर्वाचित

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू /फतेहपुर** विकास खंड धाता के भीमपुर स्थित एक मैरिज हॉल में गुरुवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पद का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। चुनाव कराने के लिए जिले से पर्यवेक्षक के रूप में बलराम सिंह तथा चुनाव अधिकारी के रूप में शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, आशीष यादव, शैलेन्द्र अवस्थी और विनीत कुमार मौजूद रहे। दोपहर दो बजे चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों, संजय सिंह और शौष्ठव त्रिपाठी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान शौष्ठव त्रिपाठी का नाम मतदाता सूची में न होने के कारण उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया। इसके बाद एकमात्र वैध प्रत्याशी बचे संजय सिंह को चुनाव अधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष घोषित कर दिया और उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि उन्होंने चुनाव में आए हुए सभी शिक्षकों के लिए जलपान की उचित व्यवस्था पहले से ही करा रखी थी और सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के हितों के लिए वह हमेशा संघर्षरत रहेंगे और संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक के सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से धर्मेन्द्र सिंह, ज्ञान सिंह, सुनील सिंह, सत्यजीत सिंह, ओम श्री चंदेल, राम प्रसाद सिंह, अभिषेक सिंह, सतीश कुमार सिंह चंदेल, निरपत सिंह, उमेश सिंह, संदीप सिंह, दानिश सिद्दीकी, अनिल पांडेय, सुरेश कुमार, नौशाद अहमद, सोनू सिंह, सतीश सिंह, सुनील कुमार, महताब आलम, बीरेंद्र कुमार, जय शंकर प्रसाद सहित समस्त ब्लॉक के शिक्षकगण मौजूद रहे। सभी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई दी।



## बिजयनगर में मानसिक स्वास्थ्य शिविर, 36 प्रभुजनों की हुई जांच और काउंसलिंग




स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर ।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले में चल रहे मानसिक स्वास्थ्य माह के अंतर्गत मंगलवार को मानव सेवा अपना घर आश्रम, बिजयनगर में मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आश्रम में निवासरत 36 प्रभुजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक जांच की गई तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी काउंसलिंग की गई। जिला नोडल अधिकारी एवं मनोरोग चिकित्सक डॉ. अनिरुद्ध भार्गव ने प्रभुजनों से संवाद कर उनके मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने तनाव, चिंता एवं अवसाद से बचाव के उपाय बताते हुए समय रहते मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान कर उचित परामर्श एवं उपचार लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। शिविर के दौरान डॉ. भार्गव ने आश्रम में प्रभुजनों के रहन-सहन, खान-पान एवं देखभाल की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। मानसिक रोगियों के उपचार के लिए आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था मानव सेवा अपना घर आश्रम एवं उप जिला चिकित्सालय, बिजयनगर के माध्यम से की जा रही है। इस दौरान चिकित्सा अधिकारियों एवं कार्मिकों को मानसिक स्वास्थ्य माह के तहत आमजन को जागरूक करने और जरूरतमंद लोगों तक मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

# जयशंकर ने वैश्विक कूटनीतिक मंच पर भारत की भूमिका को दी मजबूती

स्मार्ट हलचल

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 81वें सत्र के दौरान न्यूयॉर्क पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वैश्विक कूटनीतिक मंच पर भारत की भूमिका को और मजबूती दी है। अपने व्यस्त दौरे के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण बहुपक्षीय बैठकों को संबोधित किया और वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ताएं कीं। डॉ. जयशंकर ने यूएन हाई-लेवल वीक के दौरान आयोजित पहली 'पार्टनर्स फॉर मल्टीलेटरलिज़्म, इंटरनेशनल लॉ, पीस एंड प्रॉस्पेरिटी' (पी4एम) समिट को संबोधित किया। शिखर सम्मेलन में भारत ने बहुपक्षवाद को पुनर्जीवित करने और अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया। विदेश मंत्री जयशंकर ने वैश्विक शांति, सुरक्षा और समृद्धि के लिए सभी देशों के बीच सहयोग बढ़ाने और वैश्विक संस्थाओं में समयबद्ध सुधार की आवश्यकता को रेखांकित किया। इसी दौरे के बीच एक और ऐतिहासिक कूटनीतिक मील का पत्थर तब स्थापित हुआ, जब विदेश मंत्री ने वी4+भारत विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया। विसेग्राड समूह - वी4, जिसमें मध्य यूरोपीय देश चेक गणराज्य, हंगरी, पोलैंड और स्लोवाकिया शामिल हैं, के साथ भारत की यह पहली औपचारिक विदेश मंत्री स्तर की बैठक थी। बैठक में भारत और मध्य यूरोप के बीच व्यापार, निवेश, रक्षा, कनेक्टिविटी और सांस्कृतिक संबंधों को एक नए स्तर पर ले जाने की रणनीतिक रूपरेखा तैयार की गई। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, डॉ. जयशंकर ने पी4एम समिट में कहा ईंधन, भोजन, उर्वरक और वित्त (4एफ) के संकट को यूं ही नहीं छोड़ा जा सकता। जहां नई क्षमताएं और चिंताएं पैदा होती हैं, वहां फ्रेमवर्क और सुरक्षा उपायों की बहुत मज़बूत ज़रूरत होती है। जहां महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रभुत्व और व्यवधान का खतरा हो, वहां जोखिम कम करने और विविधता लाने को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बहुपक्षवाद को सबसे अच्छी तरह से तब आगे बढ़ाया जा सकता है, जब अंतरराष्ट्रीय कानूनों, नियमों और मानदंडों का सख्ती से पालन किया जाए। विदेश मंत्रालय ने कहा वी4+भारत बैठक विदेश मंत्रियों के स्तर पर भारत और विसेग्राड समूह के बीच जुड़ाव स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम थी। यह प्रारूप बातचीत और सहयोग के लिए एक अतिरिक्त मंच प्रदान करता है, जो वी4 देशों के साथ भारत के लंबे समय से चले आ रहे और ठोस संबंधों को और मजबूत करता है। इस दौरान डॉ. जयशंकर ने यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा से मुलाकात की और भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) के रणनीतिक संबंधों, मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति तथा वैश्विक भू-राजनीतिक मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। इसके साथ ही, विदेश मंत्री ने दुनिया के कई अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों और अपने समकक्षों के साथ भी बैठकें कीं।



# राजगढ़ नगरपालिका में उपाध्यक्ष का चुनाव : अफरोज बानो निर्वाचित

### 22 मत लेकर भाजपा की अफरोज बानो ने हासिल की जीत, कांग्रेस की अनीता सोनी को मिले 17 मत

स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर , /** राजगढ़ नगरपालिका में आज मंगलवार उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में भाजपा की श्रीमती अफरोज बानो ने 22 मत प्राप्त कर उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की, जबकि श्रीमती अनीता सोनी को 17 मत मिले। उपाध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी राजेंद्र बिजारणिया ने भी नामांकन दाखिल किया था, लेकिन मतदान के दौरान उनके उपस्थित नहीं रहने के कारण उन्हें एक भी मत प्राप्त नहीं हुआ। राजगढ़ नगरपालिका में कुल 40 पार्षद हैं। इनमें से 39 पार्षदों ने मतदान किया, जबकि एक पार्षद ने मतदान नहीं किया। मतगणना के बाद अफरोज बानो को 22 मत मिलने के साथ उन्हें उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

**जीत के बाद बधाई देने पहुंचे पार्षद**

अफरोज बानो के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद नगरपालिका परिसर में समर्थकों और पार्षदों की ओर से बधाई का दौर देखने को मिला। नगरपालिका अध्यक्ष राकेश पूनिया सहित अन्य पार्षदों ने अफरोज बानो को बधाई दी और उनका स्वागत किया। इस दौरान फूल-मालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दी गईं तथा खुशी के माहौल में फूलों से होली खेलकर जीत का जश्न मनाया गया। समर्थकों और उपस्थित लोगों ने अफरोज बानो को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। ?इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रिछपाल सिंह चारण (आरपीएस), सहायक पुलिस अधीक्षक अभिजीत पाटिल (आईपीएस), और राजगढ़ थाना अधिकारी राजेश सिहाग अपनी पुलिस फोर्स के साथ मुस्तैद रहे।



### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जैतारण आएंगे आज

## पावन धाम में सेवा संकल्प बाइक रैली को दिखाएंगे हरी झंडी, जनसभा को करेंगे संबोधित

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज 23 सितंबर को ब्यावर जिले के जैतारण दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे पावन धाम में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 11.10 बजे जयपुर एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर दोपहर 12.05 बजे जैतारण हेलीपैड पहुंचेंगे। इसके बाद वे 12.15 बजे पावन धाम पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री पावन धाम परिसर में आयोजित सेवा संकल्प बाइक रैली के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे समाधि दर्शन करेंगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद मुख्यमंत्री दोपहर 2 बजे जैतारण से जैसलमेर जिले के रामदेवरा के लिए रवाना होंगे।



### मंडावर नगरपालिका में सियासी मंथन का नतीजा!

## चेयरमैन के बाद उपचेयरमैन की कुर्सी भी कांग्रेस के नाम

### भूपेश गोयल ने 14 वोट लेकर अशोक नारेड़ा को 4 वोट से पछाड़ा, भाजपा के 10 वोट रह गए पीछे

स्मार्ट हलचल/नीरज मीणा

**मंडावर।** मंडावर नगरपालिका की चुनावी बिसात पर आखिरकार तस्वीर साफ हो गई। चेयरमैन की कुर्सी के बाद अब उपचेयरमैन की कुर्सी पर भी कांग्रेस ने अपना कब्जा जमा लिया। वार्ड नंबर 7 से कांग्रेस पार्षद भूपेश गोयल ने 14 मत हासिल कर भाजपा के अशोक नारेड़ा को 4 मतों के अंतर से शिकस्त दी। नारेड़ा को 10 मत मिले।


भूपेश गोयल,वार्ड संख्या-07,(कांग्रेस)

**कुर्सी का खेल खत्म, अब काम की बारी!**

चुनाव के दौरान किसके साथ कौन खड़ा है, किसकी गणित किस तरफ जा रही है और किसकी रणनीति कितनी कामयाब होगी–इन तमाम चर्चाओं पर अब नतीजों ने विराम लगा दिया है। 14 बनाम 10 के आंकड़े ने उपचेयरमैन की कुर्सी का फैसला सुना दिया। मंडावर नगरपालिका में चेयरमैन अनीता देवी और उपचेयरमैन भूपेश गोयल, दोनों पद कांग्रेस के खाते में पहुंचने के बाद कांग्रेस खेमे में जश्न का माहौल है।

**अब असली परीक्षा चुनाव की नहीं, शहर की होगी!**

चुनाव में कुर्सियां जीतना एक पड़ाव है, लेकिन जनता की नजर अब उस काम पर होगी जिसके लिए नगरपालिका चुनी गई है। सड़कें, नालियां, सफाई, रोशनी, पानी और शहर की मूलभूत समस्याएं अब नई नगरपालिका बोर्ड के सामने खड़ी हैं। जनता ने जनप्रतिनिधि चुन दिए हैं, कुर्सियां भी तय हो गईं–अब देखना यह है कि नगरपालिका में जीत का जश्न कितने दिन चलता है और विकास की रफ्तार कब दौड़ती है।

**14 वोट की जीत ने तय कर दिया समीकरण**

चेयरमैन कांग्रेस का 7 उपचेयरमैन कांग्रेस का 7 अब नजर विकास के एजेंडे पर

## हिंडौन नगर परिषद में उपसभापति पद पर विक्रम सिंह तोमर निर्विरोध निर्वाचित

### भाजपा खेमे में खुशी की लहर, निर्विरोध निर्वाचन के बाद समर्थकों ने जताई खुशी

स्मार्ट हलचल


**हिंडौन सिटी।** नगर परिषद हिंडौन सिटी में उपसभापति पद को लेकर चल रही सियासी हलचल पर मंगलवार को विराम लग गया। भाजपा के विक्रम सिंह तोमर निर्विरोध उपसभापति निर्वाचित हुए। उपसभापति पद के लिए उनके अलावा किसी अन्य उम्मीदवार के मैदान में नहीं होने के कारण उनका निर्वाचन निर्विरोध हुआ। विक्रम सिंह तोमर के निर्विरोध चुने जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर और फूल-मालाओं से स्वागत कर खुशी जताई। नगर परिषद में सभापति पद पर भी भाजपा की विजय कुमारी निर्विरोध निर्वाचित हो चुकी हैं। ऐसे में अब सभापति और उपसभापति–दोनों प्रमुख पदों पर भाजपा का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। राजनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो नगर परिषद के दोनों प्रमुख पदों पर निर्विरोध निर्वाचन स्थानीय निकाय की आगामी कार्यप्रणाली के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब शहर में विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था, सड़क, नाली, पेयजल और अन्य नागरिक सुविधाओं को लेकर परिषद के सामने प्राथमिकताएं तय करने की चुनौती होगी।



# उद्घाटन से पहले ही जर्जर हुआ सूरौठ के राजकीय सामुदायिक केंद्र का भवन, धांधली की जांच की मांग

स्मार्ट हलचल

सूरौठ। कस्बे में तहसील कार्यालय के पास करीब साढ़े पांच करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन उद्घाटन से पहले ही जर्जर हो गया है। जनता को समर्पित होने से पूर्व ही अस्पताल भवन की दीवारों और छतों में स्पष्ट दरारें नजर आ रही है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। इस संबंध में कांग्रेस के ब्लॉक प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी सहित काफी लोगों ने राज्य के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, चिकित्सा मंत्री, भरतपुर संभागीय आयुक्त एवं करौली जिला कलेक्टर से राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण में बरती गई अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की है। ब्लॉक प्रवक्ता तिवाड़ी ने बताया कि राज्य सरकार ने आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करीब साढ़े पांच करोड़ रुपए की लागत से सूरौठ कस्बे में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों एवं ठेकेदार की मिलीभगत के चलते निर्माण कार्य में में तय मानकों की अनदेखी की गई। घटिया सीमेंट, मानक से कम सरिया और गुणवत्ता हीन सामग्री के उपयोग के कारण भवन उपयोग में आने से पहले ही जर्जर हो गया है। अस्पताल भवन दीवारों में आई दरारें किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि जब तक भवन की तकनीकी जांच उच्च स्तरीय टीम से नहीं कराई जाती और निर्माण की कमियों को पूरी तरह सुधारा नहीं जाएगा, तब तक भवन का उद्घाटन नहीं होने दिया जाएगा। लोगों ने निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों एवं ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है।



## पीपलू नगरपालिका के उपाध्यक्ष बने राजेश कुमार शर्मा, भाजपा का परचम

### 12 वोट हासिल कर कांग्रेस प्रत्याशी हेमराज डोई को 4 मतों से हराया, निर्वाचन प्रमाण पत्र मिलते ही समर्थकों में खुशी

**पीपलू ।** पीपलू नगरपालिका के उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेश कुमार शर्मा ने जीत दर्ज कर उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। चुनाव में राजेश कुमार शर्मा को 12 वोट, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी हेमराज डोई को 8 वोट मिले। इस तरह राजेश शर्मा ने 4 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। निर्वाचन प्रक्रिया पूी होने के बादरटर्निंग ऑफिसर कपिल कोठारी ने राजेश कुमार शर्मा को निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। जीत की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। राजेश कुमार शर्मा वार्ड संख्या 17 से भाजपा के पार्षद निर्वाचित हुए थे। उपाध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने कहा कि पालिकाध्यक्ष रमेश वर्मा और सभी पार्षदों के साथ मिलकर पीपलू के विकास का रोडमैप तैयार किया जाएगा और प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगरपालिका क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं, विकास कार्यों और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर काम किया जाएगा।

# कठूमर नगरपालिका उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस के जयप्रकाश दीक्षित विजयी

### *भाजपा की पिंकी कुमारी को 4 मतों से हराया*

**कठूमर। ।** नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत नगरपालिका कठूमर में उपाध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को हुए चुनव में कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश दीक्षित ने जीत हासिल की। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी पिंकी कुमारी को चार मतों के अंतर से पराजित कर उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। उपाध्यक्ष पद के लिए नगरपालिका सभागार में निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतदान कराया गया। मतदान में कुल 20 मत पड़े। कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश दीक्षित को 12 मत प्राप्त हुए, जबकि भाजपा प्रत्याशी पिंकी कुमारी के पक्ष में 8 मत पड़े। मतगणना पूरी होने के बाद निर्वाचन अधिकारी श्याम सुन्दर चेतीवाल ने कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश दीक्षित को 4 मतों से विजयी घोषित किया। इधर जयप्रकाश दीक्षित की जीत की घोषणा होते ही कांग्रेस समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई तथा नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष को बधाई दी। समर्थकों ने कहा कि नगरपालिका के विकास और आमजन से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा। नगरपालिका कठूमर में उपाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर सुबह से ही राजनीतिक गतिविधियां तेज रहीं। मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। चुनाव परिणाम सामने आने के बाद नगरपालिका परिसर के बाहर समर्थकों की भीड़ जुट गई और जीत का जश्न मनाया गया। उल्लेखनीय है कि सोमवार को हुए नगरपालिका चुनाव में कांग्रेस की सोरनदेई अध्यक्ष निर्वाचित हुई थीं। अब उपाध्यक्ष पद पर भी कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश दीक्षित की जीत के बाद नगरपालिका बोर्ड में कांग्रेस का नेतृत्व और मजबूत हुआ है।



## जलझूलनी एकादशी पर्व पर 3 दर्जन से अधिक देव् विमान निकाले गये

### साथ मे दो अखाड़े भी भी चल रहे थे साथ मे

स्मार्ट हलचल

**सांगोद 22 सितम्बर** को सांगोद,जलझूलनी एकदाशी के मौके पर यहां देवविमानों के साथ शोभायात्रा निकाली गई,इससे पूरे नगर में अलोकिक व धार्मिक छटा देखने को मिली,मानों शाम ढलने के बाद अलग अलग मंदिरों से निकली शोभायात्रा का उजाड नदी के तट पर सामुहिक रूप से महाआरती की गई।इस मौके पर यहां अलग अलग व्यायामशालाओं का अखाडा निकाला गया।अखाडे में शामिल उस्तादों को घोडे व पालकी में बैठाकर निकाला गया।अखाडों के बीच युवक-युवतियां बनाटी,चक्र,गदा व तलवार आदि का अचम्भित प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे।अखाडे में शामिल युवकों का जगह जगह पुष्पवर्षा करके स्वागत किया।उर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने भी अखाडे के बीच पहुंचकर उत्साहवर्धन किया।इस मौके पर पुलिस का व्यापक बंदोबस्त किया गया था।अखाडे पूरे मार्ग शस्त्रों के साथ अनूठा प्रदर्शन करते हुए निकला,खाडा स्थल पर पहुंचने पर उस्ताद मोहनलाल खुर्या ने भी अपने करतबों का प्रदर्शन करके युवाओं को अपनी सुरक्षा के लिए शस्त्र विधा किस तरह सीखी जाती है,उसके गुर बताएं,इसी तरह दूसरे अखाडे के गुरू कन्हैयालाल व अन्य ने भी करतब दिखाकर उपस्थित जनों को दांतों तले अंगुलिया चबाने को मजबूर कर दिया।अंत में गुरूओं को पगडी बांधने की रस्म निभाई गई।दोनों अखाडों के गुरूओं को शिष्यों ने अलग अलग तरीके से पगडी बंधाई।



## मणिपुर में 18 वर्षीय छात्र की गोली मारकर हत्या

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर में 18 वर्षीय छात्र की गोली मारकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया है । बताया गया कि छात्र किसी काम से बाहर गया था, इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उसे गोली मार दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। हत्या के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है।

## सोनिया गांधी वोटर लिस्ट मामले में भाजपा ने राहुल से मांगा जवाब

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के नाम को 1980 की मतदाता सूची में शामिल किए जाने से जुड़े मामले को लेकर भाजपा ने राहुल गांधी से जवाब मांगा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सोनिया गांधी की भारतीय नागरिकता 1983 में हुई थी, तो 1980 की मतदाता सूची में उनका नाम कैसे शामिल हुआ? भाजपा ने इस मामले में जांच की मांग करते हुए राहुल गांधी से इस पर जवाब देने को कहा है। दरअसल दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 21 सितंबर 2026 को महत्वपूर्ण आदेश दिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने उस मजिस्ट्रेट आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और जांच की मांग वाली शिकायत खारिज कर दी गई थी। अदालत ने मामले को वापस मजिस्ट्रेट के पास भेजते हुए नए सिरे से सुनवाई के निर्देश दिए हैं। अब 29 सितंबर को मजिस्ट्रेट अदालत में मामले की नए सिरे से सुनवाई होगी। उस सुनवाई में शिकायत और उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया तय की जानी है। अब चूंकि मामला अदालत में विचाराधीन है, ऐसे में किसी भी प्रकार की टिप्पणी और जुबानी हमलों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

## भारत में अवैध रुप से रह रहे दो बांग्लादेशी महिलाओं को सजा

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के ठाणे की अदालत ने भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने और वैध दस्तावेजों के बिना रहने के अलग-अलग मामलों में दो बांग्लादेशी महिलाओं को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। दोनों मामलों की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीशों की अदालत में हुई। पहले मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बी. डी. शेल्के ने 55 वर्षीय मोर्जिना ओलियर फ़क़ीर को विदेशी अधिनियम की धारा 14ए(बी) के तहत दोषी पाया। अदालत ने उसे दो साल के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। मानव तस्करी विरोधी प्रकोष्ठ (एएचटीसी) ने फ़क़ीर को 12 मई 2025 को मीरा रोड (पूर्व) स्थित शांति पार्क से गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान उसके भारत में रहने से संबंधित वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने के बाद उसके खिलाफ विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। दूसरे मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी. एल. भोसले ने 35 वर्षीय रूपबन बेगम चाचामियां शेख को भारतीय पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम और विदेशी अधिनियम, 1946 के तहत दोषी ठहराया। एएचटीसी ने उसे 24 मई 2025 को मीरा रोड (पूर्व) से गिरफ्तार किया था। अधिकारियों को शेख के मोबाइल फ़ोन में बांग्लादेशी पासपोर्ट और राष्ट्रीय पहचान पत्र की डिजिटल प्रतियां मिली थीं। अदालत ने पासपोर्ट अधिनियम के तहत उसे छह महीने के सश्रम कारावास और विदेशी अधिनियम के तहत एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इस तरह अदालत ने दोनों मामलों में भारत में वैध दस्तावेजों के बिना रहने से जुड़े आरोपों पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोषसिद्धि की। दोनों मामलों में मानव तस्करी विरोधी प्रकोष्ठ की कार्रवाई के बाद न्यायिक प्रक्रिया आगे बढ़ी थी।

## जम्मू-कश्मीर : सियालदह एक्सप्रेस पर पथराव, शीशा टूटा ; वंदे भारत भी प्रभावित

जम्मू (एजेंसी)। सोमवार देर रात जम्मू से कठुआ जा रही सियालदह एक्सप्रेस के फ्रंट विंडशील्ड को सांबा रेलवे स्टेशन के पास नुकसान पहुंचा। यह घटना रेलवे प्वाइंट नंबर 65/03, कालिबाड़ी सांबा के नजदीक हुई, जहां ट्रेन का अगला शीशा टूट गया। हालांकि, इस क्षति का सही कारण अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन शुरुआती जांच और लोकल रिपोर्टों में पथराव की घटना से जोड़ा जा रहा है।
सूचना मिलते ही कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जिसमें ए.एस.पी. गुरु राम भारद्वाज और डी.एस.पी. शामिल थे, जी.आर.पी. और एस.ओ.जी. टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस टीमों ने रेलवे ट्रैक और आसपास के इलाके की गहनता से तलाशी ली और घटना से जुड़े संभावित कारणों की विस्तृत जांच शुरू की। इस अप्रत्याशित घटना के चलते, दिल्ली से जम्मू जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस को भी सुरक्षा जांच पूरी होने तक सांबा रेलवे स्टेशन पर रोकना पड़ा। रेलवे ट्रैक की गहन जांच और सुरक्षा सुनिश्चित होने के बाद, लगभग रात 12ः30 बजे रेल सेवाओं को फिर सुचारु कर दिया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# ममता, स्टालिन और केजरीवाल को निपटा चुके... अखिलेश, राहुल गांधी का अगला टारगेट

### शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पार्टी पर साधा निशाना




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
बीजेपी से अलग हुए शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के रिश्तों पर तीखी और कांग्रेस को चुभ जाने वाली टिप्पणी की है। उन्होंने दावा किया है कि कांग्रेस नेता लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी विपक्षी गठबंधन के भीतर मौजूद क्षेत्रीय नेताओं को राजनीतिक रूप से कमजोर कर रहे हैं और अब समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव उनके अगले निशाने पर हैं।
बीजेपी से अलग हो चुके पूनावाला ने अखिलेश को सलाह देकर कहा कि उनकी असली लड़ाई बीजेपी से नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी से है। शहजाद के अनुसार, अखिलेश को मैं एक सलाह दे सकता हूं। बीजेपी आपकी असली दुश्मन नहीं है, आपकी असली दुश्मन कांग्रेस और राहुल गांधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का लक्ष्य समाजवादी पार्टी के खिलाफ लगे रहना है, जबकि वे बीजेपी पर सीधा हमला नहीं करते। शहजाद ने दावा किया कि राहुल गांधी पहले धीरे-धीरे डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव और अरविंद केजरीवाल जैसे नेताओं के प्रभाव को खत्म कर रहे हैं। उनके मुताबिक, बिहार चुनाव में तेजस्वी यादव सही राह पर थे, लेकिन राहुल गांधी ने उन्हें वोट चोरी के मुद्दे पर उलझाकर खुद के साथ-साथ उन्हें भी डुबो दिया। शहजाद के अनुसार, राहुल गांधी की रणनीति है कि मोदी सरकार को आगे भी बने रहने दिया जाए, क्योंकि कांग्रेस का असली फायदा तब होगा जब इन छोटी क्षेत्रीय पार्टियों की दुकानें बंद करवाकर उनके वोट बैंक के जेवर अपने नाम कर लेगी।
बीजेपी के भविष्य के चेहरे के सवाल पर, शहजाद ने बेझिझक कहा कि पार्टी का सबसे बड़ा चेहरा उसका कार्यकर्ता होता है और जब तक कार्यकर्ता किसी नेता को नहीं चुनता, तब तक कोई अकेला चेहरा नहीं होता। एक इंटरव्यू में, 28 साल की यूट्यूबर द्वारा अंकल कहने पर उन्होंने चुटकी लेकर कहा कि जो लोग 56 साल के नेताओं को सम्मान से जी लगाकर बुलाते हैं, वे 38 साल के शहजाद को अंकल कह रहे हैं।
राहुल गांधी-वाड्रा परिवार से अपने भाई के संबंध पर शहजाद ने स्वीकार किया कि इसतरह के अप्रत्यक्ष रिश्तों से उन्हें हमेशा असहजता महसूस हुई। उनका कहना था कि इन कनेक्शन का अक्सर दुरुपयोग होता है और उनके खिलाफ हजारों अफवाहें उड़ाई गईं। अपनी निजी जिंदगी और शादी न करने के सवाल पर शहजाद ने मजाकिया लहजे में कहा, हमारे बाल अच्छे हैं, लेकिन हम बाल-बच्चे नहीं चाहते! मैं शादी कभी नहीं करना चाहता। मैं हमेशा दो फोन पर काम या यूट्यूब में व्यस्त रहता हूं। जब फोन ही सारा समय ले जाता है, तब शादी के लिए वक्त ही कहां है?

## भारत से लेकर अफगानिस्तान तक थर्राई धरती, आधी रात को भूकंप के झटकों से मचा हड़कंप

नई दिल्ली (एजेंसी)। सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को भारत से लेकर अफगानिस्तान तक के कई हिस्सों में अचानक धरती थर्रा उठी, जिससे सोते हुए लोगों की नींद खुल गई और हर तरफ अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस जलजले के कारण किसी भी प्रकार के जान-माल के बड़े नुकसान की कोई आधिकारिक खबर सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत और अफगानिस्तान में ये भूकंप के झटके अलग-अलग समय पर महसूस किए गए। भारत में जहां महाराष्ट्र के सतारा क्षेत्र में आधी रात को करीब 3 बजकर 29 मिनट पर धरती कांपी, वहीं पड़ोसी देश अफगानिस्तान में सुबह 5 बजकर 37 मिनट पर इसके झटके दर्ज किए गए। भारत के मुकाबले अफगानिस्तान में भूकंप का असर थोड़ा अधिक तेज था, जहां रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.0 मापी गई। इसके विपरीत, महाराष्ट्र के सतारा में आए भूकंप की तीव्रता महज 2.4 मैग्नीट्यूड दर्ज की गई, जिसके कारण कंपन इतना हल्का था कि ज्यादातर लोगों को इसके आने का अहसास तक नहीं हुआ और वे गहरी नींद में सोते रहे। गौरतलब है कि इससे कुछ समय पहले नेपाल के मुस्तांग और उसके आसपास के इलाकों में भी 5.3 तीव्रता का तेज भूकंप महसूस किया गया था। नेपाल में हालिया बाढ़ आपदा के बाद से ही भूगर्भीय गतिविधियों को लेकर चिंताएं लगातार बनी हुई थीं, ऐसे में वहां आए झटकों ने स्थानीय लोगों के दिलों में पुराना डर फिर से ताजा कर दिया था। बार-बार आ रहे इन भूकंपीय झटकों ने एक बार फिर से इस बात की चर्चा छेड़ दी है कि आखिर धरती के भीतर ऐसा क्या होता है जिससे यह कांप उठती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, पृथ्वी की सबसे ऊपरी परत कई विशाल टुकड़ों में बंटी होती है जिन्हें टेक्टोनिक प्लेट्स कहा जाता है। ये प्लेटें अपने नीचे मौजूद गर्म और नरम परत पर लगातार तैरती रहती हैं और धीमी गति से एक-दूसरे की ओर खिसकती या टकराती रहती हैं। जब इन प्लेटों के बीच आपसी दबाव अत्यधिक बढ़ जाता है और अचानक भारी मात्रा में ऊर्जा मुक्त होती है, तो सतह पर जोरदार झटका महसूस होता है जिसे हम भूकंप के रूप में अनुभव करते हैं।

## अखिलेश के 'चवन्नी' तंज पर त्यागी ने किया पलटवार

### -केसी बोले- हम चवन्नी नहीं, महात्मा गांधी की तस्वीर वाला 500 रुपये का नोट हैं

**लखनऊ, एजेंसी।**
समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की 'चवन्नी' वाली टिप्पणी पर राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि रालोद को 'चवन्नी' समझने की भूल कतई नहीं करनी चाहिए, बल्कि वह महात्मा गांधी की तस्वीर वाला 500 रुपये का नोट है। केसी त्यागी ने यह बात हाथरस के मुरसान में रालोद की 'स्वाभिमान सम्मान पदयात्रा एवं समरसता अभियान' की शुरुआत के दौरान की। रालोद नेता त्यागी की यह प्रतिक्रिया अखिलेश यादव की अगस्त में की गई टिप्पणी के संदर्भ में है। अखिलेश ने रालोद प्रमुख जयंत चौधरी को 'चवन्नी' कहा था। दरअसल यह टिप्पणी 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान चौधरी के उस बयान से जुड़ी थी, जब वह समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में थे। उस समय चौधरी ने बीजेपी की ओर से दिए गए प्रस्तावों को ठुकरा दिया था और कहा था कि वह ऐसी 'चवन्नी' नहीं हैं, जिसे आसानी से 'पलटा' जा सके। इस घटना के बाद रालोद ने सपा से गठबंधन खत्म कर भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का साथ दिया। यहां बताते चलें कि जयंत चौधरी वर्तमान में केंद्र सरकार में मंत्री हैं। रालोद संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष त्यागी ने कहा कि उनके पिता मुलायम सिंह यादव, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के राजनीतिक प्रभाव को अच्छी तरह से समझते थे, लेकिन अगली पीढ़ी शायद इसे याद नहीं रख पाई। उन्होंने कहा कि अब पार्टी को यह साबित करना है कि वह 'चवन्नी' नहीं, बल्कि 500 रुपये का नोट है।

## तमिलनाडु में फ्री ब्रेकफास्ट स्कीम लॉन्च, अब 6 से 8 तक के छात्रों को भी मिलेगा नाश्ता

### -सीएम विजय ने छात्रों को परोसा नाश्ता साथ बैठक कर खाया, खिले बच्चों के चेहरे


**चेन्नई, एजेंसी।**
तमिलनाडु के सीएम सी जोसेफ विजय ने मंगलवार को चेन्नई में विस्तारित पेरुंथलैवर कामराजर फ्री ब्रेकफास्ट स्कीम लॉन्च की। उन्होंने छात्रों को नाश्ता परोसा। उनके साथ बैठकर ब्रेकफास्ट भी किया। यह कार्यक्रम चेन्नई के तिरुवन्मियूर स्थित गांधी ग्रामम के सरकारी मिडिल स्कूल में हुआ। विजय ने स्कूली बच्चों से बातचीत की। पहले इस योजना का लाभ कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को मिलता था। अब कक्षा 6 से 8 तक के छात्र भी इसके दायरे में आ गए हैं। इससे राज्य के 15,454 सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के करीब 15.30 लाख अतिरिक्त छात्रों को फायदा होगा।



विजय सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 में योजना के विस्तार के लिए 217.63 करोड़ रुपए अतिरिक्त मंजूर किए हैं। इसके साथ योजना का कुल बजट 724 करोड़ रुपए हो गया है। इस योजना का नाम पहले चीफ मिनिस्टर ब्रेकफास्ट स्कीम था। अब इसका नाम बदलकर पेरुंथलैवर कामराजर फ्री ब्रेकफास्ट स्कीम कर दिया गया है। यह नाम तमिलनाडु के पूर्व सीएम के कामराज के सम्मान में रखा गया है। उन्होंने स्कूली शिक्षा की पहुंच बढ़ाने और राज्य की मिड-डे मील योजनाओं को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई थी।
योजना मंगलवार से पूरे राज्य में लागू हो गई। हालांकि, चेंगलपट्टू और तिरुप्पुर जिलों में इसे अभी लागू नहीं किया गया है। वहां आगामी विधानसभा उपचुनावों के कारण इन दोनों जिलों में मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लागू है। इसी वजह से वहां योजना का क्रियान्वयन टाल दिया गया है।

## रिम्स अस्पताल में न्यूबॉर्न केयर यूनिट में लगी आग, 2 नवजात की मौत

### - 28 बच्चों को सुरक्षित बचाया, सीएम ने जताया दुख जांच के दिए आदेश



**आदिलाबाद, एजेंसी।**
तेलंगाना के आदिलाबाद जिले के रिम्स अस्पताल में सोमवार देर रात अस्पताल के स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट में अचानक आग लग गई। इस हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई है, जबकि वार्ड में 28 बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने इस दुखद घटना की औपचारिक जांच के आदेश दिए हैं और अधिकारियों को आग लगने के कारण पर तुरंत रिपोर्ट सौंपने को कहा है।
मीडिया रिपोर्ट में फायर अधिकारी के मुताबिक आग लगने की सूचना मिलते ही आपातकालीन कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई की। मौके पर दमकल की गाड़ी भेजी गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अगर समय पर रेस्क्यू नहीं चलाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया जांच शुरू कर दी है। यह घटना अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पर भी सवाल खड़े करती है, क्योंकि स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट जैसे संवेदनशील वार्ड में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इस हादसे को लेकर बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री के टी. रामा राव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए गहरा दुख जताया। उन्होंने लिखा हादसे से गहरा सदमा और दुख हुआ। इस हादसे में एक नवजात की मौत हुई हैं और कई बच्चे प्रभावित हुए हैं। सभी बच्चों की सलामती के लिए मेरी प्रार्थनाएं हैं। प्रशासन ने मृतक नवजात के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायल या प्रभावित बच्चों को बेहतर इलाज की बात कही है। साथ ही अस्पताल के फायर सेफ्टी सिस्टम की भी जांच के आदेश दिए गए हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। अस्पताल में स्थिति नियंत्रण में है और अन्य वार्डों में भर्ती मरीजों को सुरक्षित रखा गया है।

## कालकाजी मंदिर के पास नाबालिग से गैंगरेप ; 1 का एनकाउंटर

### -जमुई कांड के बाद दिल्ली भी शर्मसार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
बिहार के जमुई में हुई हृदयविदारक घटना के बाद अब देश की राजधानी दिल्ली से भी एक बेहद शर्मनाक और विचलित करने वाली खबर सामने आई है। दिल्ली के कालकाजी मंदिर के समीप तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा खुद को पुलिसकर्मी बताकर एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म किया गया है। यह घटना उस समय हुई जब पीड़िता मंदिर में दर्शन के बाद अपने एक दोस्त के साथ पार्क में बैठी हुई थी। इस जघन्य घटना की जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस तत्काल हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।
दिल्ली पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह हुई मुठभेड़ के बाद पकड़े गए आरोपी की पहचान आसिफ के रूप में हुई है। पुलिस को आरोपी के पास से एक अवैध पिस्टल और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद हुई है। पुलिस इस मामले में आगे की गहन जांच कर रही है और बाकी दो अन्य आरोपियों का पता लगाने की पूरी कोशिश कर रही है। जानकारी के अनुसार, कालकाजी मंदिर के पास स्थित आस्था कुंज पार्क के भीतर सोमवार शाम को इस 17 वर्षीय किशोरी के साथ गैंगरेप को अंजाम दिया गया। पीड़िता ने अपने बयान में आरोप लगाया है कि तीन युवकों ने पहले खुद को दिल्ली पुलिसकर्मी बताकर उसे और उसके दोस्त को बुरी तरह धमकाया। इसके बाद, उन्होंने इस नृशंस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, पीड़ित किशोरी दक्षिणी दिल्ली में अपने परिवार के साथ रहती है। सोमवार को वह अपने दोस्त के साथ कालकाजी मंदिर में दर्शन करने के बाद शाम करीब 7ः30 बजे आस्था कुंज पार्क पहुंची थी। आरोप है कि कुछ देर बाद तीन युवक वहां आए और दोनों को जबरन रोक लिया। उन्होंने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए दोनों को झूठी कार्रवाई की धमकी दी, जिससे दोनों डर गए। आरोप है कि एक युवक ने किशोरी के दोस्त को कसकर पकड़ लिया, जबकि दो अन्य दरिंदों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों मौके से फरार हो गए। रात करीब 8ः45 बजे घटना की सूचना मिलने के बाद कालकाजी थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और पीड़ित किशोरी का मेडिकल कराया गया। पुलिस की कई संयुक्त टीमें पार्क और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही हैं ताकि आरोपियों की पहचान हो सके। घटना के समय इलाके में सक्रिय मोबाइल नंबरों का डेटा भी गहनता से जुटाया जा रहा है, जिससे दोषियों तक पहुंचा जा सके और उन्हें जल्द से जल्द कानून के कटघरे में खड़ा किया जा सके।

## भारत के लिए पानी और सुरक्षा की नई चुनौती खड़ी कर रहा चीन

### ब्रह्मपुत्र पर चीन बना रहा दुनिया का सबसे बड़ा बांध

**नई दिल्ली,, एजेंसी।**
चीन तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी की ऊपरी धारा, जिसे वहां यारलुंग त्सांगपो कहा जाता है, पर करीब 60,000 मेगावाट क्षमता की मेडोग जलविद्युत परियोजना विकसित कर रहा है। परियोजना का आकार इसे दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत योजनाओं में शामिल करता है। भारत के लिए चिंता केवल बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि नदी के बहाव, पर्यावरण और भूकंपीय सुरक्षा से जुड़े संभावित प्रभाव भी महत्वपूर्ण हैं। यही नदी अरुणाचल प्रदेश और असम से होकर बांग्लादेश तक जाती है।
रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञों ने परियोजना को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक और पर्यावरणीय चिंताएं उठाने की जरूरत बताई है। उनके अनुसार, चीन के वैज्ञानिक अध्ययनों में परियोजना क्षेत्र के आसपास सक्रिय पाइझेन फॉल्ट का उल्लेख किया गया है। क्षेत्र की भौगोलिक संरचना को देखते हुए भूकंप, भूस्खलन और चट्टानों के खिसकने जैसे जोखिमों पर निगरानी जरूरी है। तिब्बत का यह इलाका भूकंपीय गतिविधियों के लिहाज से संवेदनशील माना जाता है। 2017 में निंगची क्षेत्र में आए 6.9 तीव्रता के भूकंप ने भी इस क्षेत्र की भूकंपीय संवेदनशीलता को सामने रखा था। इतने बड़े जलाशय और बांध के निर्माण के कारण किसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में संभावित प्रभावों को लेकर भारत में चिंता है। भारत के लिए दूसरी बड़ी चुनौती ब्रह्मपुत्र के ऊपरी हिस्से में चीन की बढ़ती जल-नियंत्रण क्षमता है। नदी के बहाव में बड़े बदलाव का असर निचले क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता, कृषि और पारिस्थितिकी पर पड़ सकता है। हालांकि परियोजना के वास्तविक प्रभाव का आकलन उसके संचालन और जल प्रबंधन की जानकारी के बिना करना कठिन है। इसी पृष्ठभूमि में भारत में अरुणाचल प्रदेश की करीब 11,000 मेगावाट क्षमता वाली सियांग अपर मल्टीपर्पज परियोजना पर भी चर्चा तेज है। विशेषज्ञों ने उपग्रह, रडार और जलस्तर सेंसर के जरिए ऊपरी ब्रह्मपुत्र क्षेत्र की लगातार निगरानी तथा प्रभावी प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली विकसित करने की जरूरत बताई है। आने वाले वर्षों में यह परियोजना भारत-चीन



संबंधों में जल सुरक्षा और पर्यावरण से जुड़ा अहम मुद्दा बन सकती है।

### एशियन गेम्स: क्वार्टर फाइनल में नॉर्थ कोरिया से होगा मुकाबला

# महिला टेबल टेनिस टीम ने थाईलैंड को हराया

**नागोया ।** एशियन गेम्स 2026 में भारत की महिला टेबल टेनिस टीम ने मंगलवार को थाईलैंड को हराते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय टीम ने 2-1 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए थाईलैंड को 3-2 से हराया और क्वार्टर फाइनल में पहुंची। क्वार्टर फाइनल में भारतीय टीम का सामना नॉर्थ कोरिया से होगा। यशस्विनी घोरपड़े ने दो जीत के साथ भारत को मुकाबले में बनाए रखा, जबकि श्रीजा अकुला ने ओलंपियन और एशियन गेम्स मेडलिस्ट सुथासिनी सावेत्ताबुत पर 3-1 (9-11, 11-6, 12-10, 11-8) से जीत हासिल करके मुकाबला पक्का कर दिया।

भारत ने अब तक एशियन गेम्स टेबल टेनिस में तीन कांस्य पदक जीते हैं। यह सफलता जकार्ता 2018 में मिली थी, जहां



भारतीय पुरुष टीम ने एशियन गेम्स में देश के लिए पहला टेबल टेनिस मेडल जीता। इसके बाद शरत कमल और मनिका बत्रा ने मिक्स्ड डबल्स में एक और कांस्य पदक जीता। हांगझोऊ 2023 में, सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी ने महिला डबल्स में कांस्य पदक जीता था। इससे पहले, भारत के कराटे खिलाड़ी चेतन भट्ट मंगलवार को कांस्य पदक मैच में चीनी ताइपे के चुंग मेंग-यू से सेंशु के हाथों हारने के बाद पुरुषों की 84 किग्रा कुमाइट में पोडियम फिनिश से चूक गए। कांस्य पदक के मुकाबले में, चेतन का मुकाबला चीनी ताइपे के मेंग-यू चू से हुआ। स्कोर 1-1 से बराबर था और मेंग-यू को सेंशु के जरिए विजेता घोषित किया गया।भट्ट इससे पहले अपना सेमीफाइनल जॉर्डन के मोहम्मद अलजा'फारी से 8-0 से हार गए थे।

### एशियन गेम्स 2026: महिला टीम क्वार्टर फाइनल के पहले मैच में हारीं पीवी सिंधु

# जापान ने बनाई 1-0 की बढ़त

**चिनोमिया सिटी ।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को मंगलवार को एशियन गेम्स 2026 के महिला टीम क्वार्टर फाइनल के पहले मैच में जापान की अकाने यामागुची के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला इचिनोमिया सिटी म्युनिसिपल जिम्नेजियम में खेला गया, जहां यामागुची ने सिंधु को हराकर अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। पहला गेम टाई-ब्रेक में जीतने के बाद सिंधु तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन यामागुची से 21-23, 21-18, 21-11 से हार गईं, जिससे जापान को क्वार्टर फाइनल में 1-0 की बढ़त मिल गई। उन्नति हुड्डा दूसरे मुकाबले में टोमोका मियाजाकी के खिलाफ भारत के लिए स्कोर



बराबर करने की कोशिश करेंगी। इस मैच से पहले, दोनों खिलाड़ी 30 बार आमने-सामने हो चुकी थीं, जिसमें सिंधु 16 जीत के साथ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में आगे थीं। मंगलवार की हार के बाद दोनों के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 16-15 हो गया है, जो अभी भी सिंधु के पक्ष में है।

सिंधु ने 6-10 के अंतर को पाटते हुए अच्छा खेल दिखाया और स्कोर 12-12 तक पहुंचाया। इसके बाद 15-18 से पिछड़ने के बाद वापसी की और एक गेम प्वाइंट बचाकर पहला गेम 23-21 से जीता। दूसरे गेम में, 12-17 से पिछड़ने के बाद सिंधु ने तेजी से कुछ प्वाइंट हासिल किए और अंतर को 16-18 तक कम कर दिया।


## संक्षिप्त समाचार

### 466 विकेट लेने वाले अंग्रेज गेंदबाज का क्रिकेट से संन्यास

#### थमा 2 वर्ल्ड कप जीतने वाले तेज गेंदबाज का सफर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। 36 वर्षीय मार्क वुड ने अपने क्रिकेट करियर में फर्स्ट क्लास, लिस्ट ए और टी20 क्रिकेट को मिलाकर कुल 466 विकेट लिए। दो विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड की टीम का हिस्सा रहे मार्क वुड अपनी तेज रफ्तार और खतरनाक गेंदबाजी के लिए पहचाने जाते हैं।

मार्क वुड ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 255, लिस्ट ए



में 126 और टी20 क्रिकेट में 85 विकेट लिए। इसके अलावा उन्होंने कुल 2341 रन (1977 प्रथम श्रेणी, 230 लिस्ट ए और 134 टी20 मैच) भी बनाए। लगातार चोटों से जूझने के कारण मार्क वुड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया।

**टेस्ट मैचों में लिए 119 विकेट**- दो बार वर्ल्ड कप जीतने वाले और अपनी पीढ़ी के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक मार्क वुड ने 2015 में लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ डेब्यू करने के बाद 38 टेस्ट मैचों में 119 विकेट लिए। मार्क वुड ने 70 वनडे इंटरनेशनल में 80 और 38 टी20 इंटरनेशनल मैचों में कुल 54 विकेट लिए। उन्होंने टेस्ट में 811,

### भारत-जापान टी20 मैच से पहले 'वंदे मातरम' की गूंज

#### खिलाड़ियों और दर्शकों ने मिलकर गाया राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान

**नई दिल्ली।** भारत और जापान के बीच ऐतिहासिक टी20 इंटरनेशनल मुकाबला कान्टो के सानो इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा है। इस मुकाबले में बारिश के कारण मैच देरी से शुरू हुआ और 5-5 ओवर का मैच शुरू हुआ। इस मुकाबले से पहले सानो में ऐतिहासिक पल देखने को मिला। राष्ट्रगान से पहले वंदे मातरम् गूंजा। इससे पहले भारत-अफगानिस्तान टी20 सीरीज के पहले मैच से पूर्व भी नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में




यही देखने को मिला था। वहां भी वंदे मातरम् गूंजा था। ऐसा ही नजारा जापान के कान्टो में दिखा जहां, भारतीय खिलाड़ियों और दर्शकों ने मिलकर पहले वंदे मातरम् गाया और फिर राष्ट्रगान हुआ।

**श्रेयस अय्यर ने चुनी पहले बल्लेबाजी**

आपको बता दें कि भारत और जापान के बीच यह मुकाबला दोनों देशों के बीच राजनीतिक रिश्तों की 75वीं वर्षगांठ को सेलिब्रेट करने के लिए खेला जा रहा है। इस मुकाबले में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बारिश के कारण मुकाबला तीन घंटे की देरी से शुरू हुआ। यह मैच 5-5 ओवर का हो रहा है और कुल 10 ओवर का एक्शन फैंस को देखने को मिलेगा।




# 'यह गर्व का पल है'

### आईओए प्रमुख पीटी उषा ने गोल्ड मेडल जीतने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को दी बधाई

**निशिन ।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने एशियन गेम्स 2026 में गोल्ड मेडल जीतने के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जमकर तारीफ की है। उन्होंने इस पल को गर्व का क्षण बताया और उम्मीद जताई कि आइची-नागोया में चल रहे एशियन गेम्स में भारतीय दल और भी कई गोल्ड मेडल जीतेगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने जापानी एशियाई खेल आयोजन समिति से एशियन गेम्स में क्रिकेट को शामिल करने का आग्रह किया था, ठीक वैसे ही जैसे यह हांग्जो 2023 खेलों का हिस्सा था। पीटी उषा ने 'आईएएनएस' के साथ एक खास बातचीत में कहा, 'मुझे खुशी है कि महिला क्रिकेटर्स ने गोल्ड मेडल जीता और इसमें कोई शक नहीं कि हमें और भी गोल्ड मेडल मिलेंगे। मैंने जापान एशियाई खेल आयोजन समिति की समन्वय समिति से खेलों में पुरुष और महिला क्रिकेट को शामिल करने का अनुरोध किया था। मैं क्रिकेट देखना चाहती थी और मुझे खुशी है कि खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल



जीता है। यह गर्व का पल है।' आईओए अध्यक्ष जीत के बाद महिला क्रिकेट टीम से मुलाकात करेंगी। उन्होंने कहा, 'मैं यहां उनसे पहले नहीं मिल पाई थी; हम पहले कई बार मिल चुके हैं लेकिन मैं उनसे यहां भी मिलूंगी। मैंने उनका खेल देखा था जब वे यहां खेल रही थीं।' भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपना गोल्ड मेडल बचाने के लिए बल्लेबाजी और गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन किया।

फाइनल में स्मृति मंधाना ने 79 रनों की दमदार पारी खेली जबकि शेफाली वर्मा ने 29 गेंदों में 48 रन बनाए। वहीं, ऋचा घोष ने 22 गेंदों में नाबाद 49 रन बनाए, जिसके दम पर भारतीय टीम 3 विकेट खोकर 216 रन स्कोरबोर्ड पर लाने में सफल रही। वहीं, गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, श्रेयंका पाटिल और श्री चरणी ने मिलकर 9 विकेट लिए और भारत को 147 रनों की बड़ी जीत दिलाई। 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की पूरी टीम महज 69 रन बनाकर ऑलआउट हुई। मौजूदा एशियन गेम्स में यह भारत का पहला और कुल मिलाकर सातवां गोल्ड मेडल है। भारतीय महिला टीम ने एशियन गेम्स के पिछले संस्करण में भी गोल्ड मेडल जीता था और अब उसी टीम के खिलाफ अपने खिताब का बचाव किया है।

### कप्तान अय्यर ने की जापान की तारीफ

# कहा- उनका प्रदर्शन शानदार रहा

**सानो ।** एशियन गेम्स 2026 में मंगलवार को सानो इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत और जापान का रोमांचक मुकाबला खेला गया। बारिश और गीले मैदान की वजह से मैच 20-20 ओवरों की जगह 5-5 ओवरों का खेला गया।

भारतीय टीम ने 2 रन से यह मैच जीता। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। अय्यर ने मैच के बाद जापान टीम की तारीफ की। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने के बाद श्रेयस ने कहा, 'सच कहूं तो, यह बल्लेबाजी के लिए बहुत मुश्किल विकेट था। हमने ओपनर्स को भी देखा, जो लगातार रन बनाने के आदी हैं, स्पिन की पेस को समझ नहीं पा रहे थे। मैं जब अंदर आया तो मैंने तय किया कि सिंगल्स और डबल्स लेना और जितना हो सके स्ट्राइक रोटेट करना जरूरी है। मैंने अपने साथ आए बल्लेबाज से भी बात की, लेकिन वह भी करना मुश्किल था। मैंने बस यह तय किया कि मैं गेंद की मेरिट पर खेलूंगा और देखूंगा, उसी के हिसाब से प्लान बनाऊंगा।

अगर बॉल घूम ले रही है और थोड़ी रुक रही है, तो मैं बस बॉल की पेस का इस्तेमाल करूंगा और खुद को पीछे रोककर देखूंगा कि मैं सिंगल्स और डबल्स ले सकूं। तो यह काफी अच्छा रहा।' अय्यर ने कहा, 'मैं हमेशा कहता रहता हूं कि पांच ओवर का गेम कहीं भी जा सकता है।



### पुरुष क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास

#### 200 टी20 मैच जीतने वाली पहली टीम बनी

**नई दिल्ली ।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स 2026 में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में मेजबान जापान को 2 रन से हरा दिया। टी20 क्रिकेट में भारत की यह 200वीं जीत थी। 200 टी20 मैच जीतने वाली भारत पहली टीम है। भारत ने अपने पहला टी20 मैच में ही पहली जीत दर्ज की थी। एक दिसंबर 2006 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए मैच में भारत ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। भारत ने अपना 50वां जीत 2017 में श्रीलंका के खिलाफ हासिल किया था। टीम इंडिया ने कोलंबो में खेले गए इस मैच में 7 विकेट से जीत



हासिल की थी। भारत ने अपनी 100वीं जीत 2022 में कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ 8 रन से, 150वीं जीत 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 रन से और 200वीं जीत 2026 में जापान के खिलाफ 2 रन से हासिल की है। भारतीय टीम 50 जीत के लिए 83 मैच, 51 से 100 जीत का आंकड़ा हासिल करने के लिए 72 मैच, 101 से 150 जीत तक पहुंचने के लिए 70 मैच और 151 से 200 जीत तक पहुंचने के लिए 66 मैच खेले। भारतीय टीम ने अपनी आखिरी 50 जीत के लिए सबसे कम मैच खेले हैं।

भारत-जापान मैच की बात करें तो सानो इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था। भारतीय टीम की बल्लेबाजी निराशाजनक रही थी। बारिश की वजह से गीले मैदान के कारण मैच 20 ओवर की जगह मात्र 5-5 ओवर का हुआ।

भारतीय टीम ने 4 विकेट खोकर 32 रन बनाए। सर्वाधिक 16 रन कप्तान श्रेयस अय्यर ने बनाए। 33 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी जापान 5 ओवर में 3 विकेट पर 30 रन ही बना सकी और 2 रन से मैच हार गई।



## शैफाली वर्मा कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा WT20I रन बनाने वाली खिलाड़ी बनीं

### नहीं तोड़ पाईं पाकिस्तानी जोड़ी का एशियन गेम्स का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज शैफाली वर्मा ने 2026 में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। शैफाली वर्मा महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। शैफाली वर्मा ने इस मामले में दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ड्ट को पीछे छोड़ा।

क्रिकबज के आंकड़ों के मुताबिक, लॉरा वोल्वार्ड्ट ने 2026 में अब तक 863 रन बनाए हैं। हालांकि, एशियन गेम्स 2026 में श्रीलंका के खिलाफ स्मृति मंधाना के साथ उनकी 99 रन की साझेदारी उन्हें इस प्रतियोगिता (महिला वर्ग) में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी के रिकॉर्ड तक नहीं पहुंचा पाई।

एशियन गेम्स का यह रिकॉर्ड पाकिस्तान की आयशा जफर और शवाल जुल्फिकार के नाम है। आयशा जफर और शवाल जुल्फिकार ने एशियन गेम्स 2026 में श्रीलंका के खिलाफ 115 रन की साझेदारी की थी।

शैफाली वर्मा ने 2026 में महिला ञ20ढ्ढ क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। उनके नाम इस कैलेंडर ईयर में 863 रन हो गए हैं। इसके साथ ही वह एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा महिला ञ20ढ्ढ रन बनाने वाली बैटर बन गई हैं। इस सूची में दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ड्ट 824 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। हॉन्गकॉन्ग की नताशा माइल्स ने 800 रन के साथ तीसरे और संयुक्त अरब अमीरात की ईशा ओजा 779 रन के साथ चौथे नंबर पर हैं।

# स्मृति ने रचा इतिहास

### 11000 रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनीं



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान और स्टार बैटर स्मृति मंधाना ने एक बार फिर खुद को बड़ी मैच की खिलाड़ी साबित किया। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ एशियन गेम्स 2026 के फाइनल (गोल्ड मेडल मैच) में बेहतरीन अर्धशतक जड़ा। उन्होंने इस पारी में अपना 37वां टी20 इंटरनेशनल अर्धशतक लगाया। स्मृति ने पारी में 13 रन बनाते ही एक खास मुकाम भी महिला क्रिकेट में हासिल कर लिया है।

हाल ही में स्मृति मंधाना ने मिताली राज को पीछे छोड़ते हुए सबसे ज्यादा महिला इंटरनेशनल रन का रिकॉर्ड बनाया था। अब वह 11 हजार रन महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में पूरे कर चुकी हैं। वह महिला क्रिकेट में यह मुकाम हासिल करने वाली पहली खिलाड़ी बनी हैं। उन्होंने अपने 308वें इंटरनेशनल मैच में यह उपलब्धि हासिल की है। वहीं उन्होंने अपनी साथी ओपनर शैफाली वर्मा के साथ भी तीन बड़े रिकॉर्ड बनाए।

#### सबसे ज्यादा रन बनाने वाली 5 खिलाड़ी

स्मृति मंधाना (भारत): 11060* रन
मिताली राज (भारत): 10868 रन
सूजी बेट्स (न्यूजीलैंड): 10740 रन
शार्लेट एडवर्ड्स (इंग्लैंड): 10273 रन
स्टेफनी टेलर (वेस्टइंडीज): 10005 रन

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com